● जयपुर, सोमवार, 16 सितंबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 32 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in | Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्याः RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझुनूं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

**सुविचार**

"सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।"
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 भाजपा के सदस्यता अभियान के साथ सेवा पखवाड़े में कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर...
पेज @4 सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बनायी गई सड़कों की गुणवत्ता ख़राब...
पेज @8 हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटा देना है: डॉ. भागवत...

# अपनी मेहनत से होनहार प्रतिभाएं देश और समाज का नाम करती हैं रोशनः मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## 5 साल में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में सृजित होंगे 10 लाख रोजगार

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि होनहार प्रतिभाएं अपनी मेहनत और लगन से समाज एवं देश का नाम रोशन करती हैं। उनका सम्मान करने से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है तथा अन्य लोग भी उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं।

शर्मा रविवार को जयपुर की बस्सी तहसील स्थित बेनाड़ा धाम में अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर की ओर से आयोजित सामूहिक गोठ एवं प्रतिभा सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की प्रगति के लिए यह आवश्यक है कि हम जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर जरूरतमंद लोगों की मदद करें और उन्हें आगे बढ़ाएं। शर्मा ने कहा कि आपसी भाईचारे की भावना और सर्व समाज को साथ लेकर चलने से ही हम विकसित राजस्थान का संकल्प साकार कर सकते हैं।







### राज्य सरकार युवाओं को उपलब्ध करा रही आगे बढ़ने के अवसर

मुख्यमंत्री ने कहा कि मजबूत एवं समृद्ध समाज की नींव शिक्षा पर टिकी है इसलिए राज्य सरकार युवाओं को आगे बढ़ने के लिए भरपूर अवसर उपलब्ध करवा रही है। 8वीं, 10वीं तथा 12वीं कक्षा में मैरिट में आने वाले मेधावी विद्यार्थियों को 3 साल तक की इंटरनेट कनेक्टिविटी के साथ टेबलेट निःशुल्क दिए जा रहे हैं। 11वीं और 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए प्रतिष्ठित कम्पनियों के माध्यम से कॉर्पोरेट सर्टिफिकेशन प्रोग्राम संचालित करने के लिए प्रदेश के सभी संभागों में राजस्थान फिनिशिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में बिजनेस इनोवेशन प्रोग्राम चलाया जाएगा। राज्य में 20 नए आईटीआई और 10 पॉलीटेक्नीक कॉलेज खोले जाएंगे। स्वामी विवेकानन्द स्कॉलरशिप फॉर अकेडमिक एक्सीलेंस योजना के तहत विद्यार्थियों की देश-विदेश में उच्च शिक्षा का खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। शर्मा ने कहा कि कौशल विकास के लिए स्टेट स्किल पॉलिसी बनाकर 2 साल में लगभग 1.5 लाख युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। अटल इनोवेशन स्टूडियो की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 5 साल में सरकारी एवं निजी क्षेत्र में 10 लाख रोजगार उपलब्ध कराएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभिभावकों का यह दायित्व है कि वे अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाकर कला, विज्ञान, खेल और तकनीकी जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ाएं, साथ ही उन्हें बुजुर्गों की सेवा करने के संस्कार भी दें। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए सपनों की उड़ान भरने के लिए संभावनाओं का आसमान खुला है। उन्हें अपनी लगन और मेहनत से अपने लक्ष्यों को हासिल करना चाहिए। शर्मा ने कहा कि महान ऋषि हारित ने कृषि के महत्व को समझा और हमें सिखाया कि खेती रोजी-रोटी कमाने का जरिया ही नहीं है, बल्कि यह एक पुनीत कार्य है। उन्होंने कहा कि मैं भी खेती-किसानी से जुड़ा हुआ हूं। कृषक विपरीत परिस्थितियों में भी कठोर परिश्रम से अन्न उगाकर लोगों का पेट भरता है और हमें जीवन में चुनौतियों से संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण महासभा जयपुर के राष्ट्रीय अध्यक्ष बिरधीचन्द शर्मा तथा प्रदेशाध्यक्ष रामनारायण कांजला सहित महासभा के विभिन्न पदाधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

**न्यूज़ अपडेट**

## पहले गलत तरीके से छुआ... फिर कपड़े उतार दिए... कोलकाता के एक और सरकारी अस्पताल में 'कांड'

**कोलकाता/एजेंसी।** कोलकाता में आरजी कर अस्पताल में लेडी डॉक्टर रेप मर्डर केस में बवाल अभी खत्म नहीं हुआ है कि कोलकाता के ही एक सरकारी अस्पताल से छेड़छाड़ की घटना सामने आई है. खबर है कि सरकारी अस्पताल में सो रही 26 साल की महिला के साथ एक स्वास्थ्यकर्मी ने कथित तौर पर छेड़छाड़ की है. महिला की शिकायत के अनुसार, यह घटना उस समय हुई जब वह कोलकाता के बाल स्वास्थ्य संस्थान (क्ळ्ल) के बच्चों के वार्ड में सो रही थी, जहां उसका बीमार बच्चा भर्ती था.

रिपोर्ट के अनुसार शिकायत में कहा गया है कि आरोपी की पहचान तनय पाल (26) के रूप में हुई है, जो अस्पताल में वार्ड बॉय के रूप में काम करता था. उसने बच्चों के वार्ड में प्रवेश किया, महिला को अनुचित तरीके से छुआ और उसके कपड़े उतार दिए. शिकायत में कहा गया है कि आरोपी ने इस घटना को अपने मोबाइल फोन पर रिकॉर्ड भी किया.

यह घटना कोलकाता के सरकारी आरजी कर अस्पताल में एक ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या के कुछ सप्ताह बाद हुई है. इस अपराध के सिलसिले में अगले दिन एक सिविक वालंटियर संजय रॉय को गिरफ्तार किया गया था. घटना की शिकायत मिलने पर कोलकाता पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (इठर) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

● **पश्चिम बंगाल में लगातार हो रही घटना**

पुलिस ने पाल का मोबाइल फोन भी जब्त कर लिया और उसे फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया. बाद में उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया. इस महीने की शुरुआत में पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले में एक सरकारी अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद नर्स से कथित तौर पर छेड़छाड़ करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था. यह घटना तब हुई जब नर्स उस व्यक्ति को सलाइन ड्रिप लगा रही थी जिसे तेज बुखार के कारण स्ट्रेचर पर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया था.

## करम डाल विसर्जन के दौरान नदी में डूबी चार बच्चियां, एक की मौत

एजेंसी

**साहिबगंज।** राजमहल थाना क्षेत्र में रविवार सुबह करमा पूजा के करम डाल विसर्जन करने के दौरान तेंनवा नाला नदी में चार बच्चियां डूब गईं। तीन बच्चियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया जबकि एक बच्ची की मौत हो गई।

बताया जाता है कि जमहल थाना क्षेत्र अंतर्गत टेकबथान गांव निवासी मुकेश यादव के 09 वर्षीय पुत्री प्रियंका कुमारी एवं रिया कुमारी (12) चचेरी बहन विकास यादव की पुत्री सोनाक्षी कुमारी(10) तथा प्रदीप यादव पुत्री चांदनी कुमारी (9)के साथ रविवार की सुबह करीब पांच बजे गांव से लगभग 500 मीटर की दूर डेढ़गामा-टेकबथान गांव के बीच बने तेंदुवा नाला (नदी) में करमा पूजा समाप्ति की झुंड़ (घांस) अन्य सामग्री की विसर्जन करने गई थीं। विसर्जन करने के दौरान चारों बच्ची डूबने लगी।

बगल में मछली मार रहे डेढ़गामा गांव निवासी संजय मंडल ने देखा कि कुछ बच्चियां बच्ची डूब रहीं हैं। संजय मंडल ने अकेले ही तेंनुवा नाला नदी में छलांग मार कर जैसे-तैसे एक-एक कर तीन बच्चियों को बाहर निकाला। तीनों बच्ची घबराई हुई, सहमी हुई थी। लगभग 10 मिनट के बाद मुकेश यादव की 11 वर्षीय दूसरी पुत्री रिया कुमारी ने कहा कि मेरी छोटी बहन प्रियंका कुमारी नदी में रह गई है। यह



कहते हुए तीनों बच्ची चिल्लाते हुए रोने लगीं और कहने लगीं मेरी बहन डूबी हुई है। कोई उनको बचाओ।

इतने में ही परिजनों के साथ दोनों गांव के सैकड़ों लोगों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। दोनों गांव के ग्रामीण व परिजन प्रकाश मंडल,सनोज यादव, अशोक यादव, शिव कुमार, सुदर्शन यादव, मुन्ना यादव, हरेराम यादव अन्य लोगों ने मछली मारने वाले जाल वह अन्य सामग्रियों से खोजबीन करना शुरू किया। लगभग तीन घंटे के कड़ी मशक्कत के बाद आठ बजे बच्ची को बाहर निकाला। जांच करने के बाद डॉ उदय कुमार टुडू ने बच्ची प्रियंका कुमारी (9) को मृत घोषित किया। इस बीच राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि बच्ची डूबने से मौत हुई है। पुलिस घटना की छानबीन में जुट गई।

## धुले जिले में दो वाहनों की टक्कर में छह की मौत, चार घायल

**मुंबई।** धुले जिले के शिंदखेड़ा तहसील में स्थित दासवेल कांटे के पास शनिवार की रात एक बोलेरो कार और पिकअप की आमने-सामने हुई भिड़ंत में छह लोगों की मौत हो गई और चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को धुले जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। शिंदखेड़ा पुलिस स्टेशन की टीम घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के अनुसार शिंदखेड़ा के एक गांव से दस लोग बोलेरो कार से नरदाना में भागवत कथा सुनने गए थे। यह सभी लोग शनिवार को रात करीब 2 बजे भागवत कथा सुनकर कार से अपने घर लौट रहे थे। अचानक दसवेल कांटा के पास तेज रफ्तार मालवाहक पिकअप ने बोलेरो कार को सामने से टक्कर मार दी। इस घटना में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति की अस्पताल ले जाते समय मौत हो गई। इस घटना में चार गंभीर रूप से घायलों का धुले जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है।

## केजरीवाल ने किया मुख्यमंत्री पद छोड़ने का ऐलान, कहा- दो दिन में दूंगा इस्तीफा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने आखिरकार अपने पद से इस्तीफा देने का फैसला कर लिया है। उन्होंने आज पार्टी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम में इसकी घोषणा कर दी। उन्होंने कहा कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे और जनता की अदालत में जाएंगे।

दिल्ली की तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद आज पार्टी मुख्यालय में उनके स्वागत का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस स्वागत कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की जनता, दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार मानती है। उन पर चल रहा मामला लंबा खिंच सकता है। उन्हें एक ऐसे मामले में जमानत मिली है, जिसमें जमानत मिलने की संभावना नहीं थी। अब उन्होंने फैसला किया है कि वह दो दिन बाद अपने पद से इस्तीफा देंगे। वह तब तक मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे, जब तक जनता अपना फैसला नहीं सुना देती।



### दो–तीन दिनों में तय होगा अगला सीएम

उन्होंने कहा, 'अगर आपको (जनता) लगता है कि मैं ईमानदार हूं, तो मुझे बड़ी संख्या में वोट दें। मैं अब चुने जाने के बाद ही मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठूंगा। चुनाव फरवरी में होने हैं। मेरी मांग है कि नवंबर में महाराष्ट्र चुनाव के साथ ही दिल्ली में चुनाव कराए जाएं। चुनाव होने तक पार्टी से कोई और मुख्यमंत्री रहेगा। अगले 2-3 दिनों में विधायकों की बैठक होगी, जिसमें अगला सीएम तय किया जाएगा।'

### हमने दिखाया जेल से चल सकती है सरकार

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि उन्होंने जेल जाने पर इस्तीफा इसलिए नहीं दिया क्योंकि वे जनतंत्र को बचाना चाहते थे। जेल से इस्तीफा देने पर विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों को जेल में डाल कर सरकार गिरा देते। वे विपक्ष के सभी मुख्यमंत्रियों से विनती करते हैं कि अगर आपको जेल में डालें तो इस्तीफा मत देना क्योंकि हमने दिखाया है जेल से सरकार चल सकती है। केजरीवाल ने कहा कि भाजपा को लग रहा था कि उन्हें जेल भेजकर आम आदमी पार्टी तोड़ देंगे। विधायकों को तोड़कर दिल्ली और पंजाब में सरकार गिरा देंगे। इनकी साज़िशों के खिलाफ आम आदमी पार्टी लड़ रही है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का रैवासा धाम दौरा

## मुख्यमंत्री ने रैवासा पीठाधीश्वर राघवाचार्य महाराज के देवलोक गमन पर श्रद्धांजलि अर्पित की

चमकता राजस्थन

**जयपुर, 15 सितम्बर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को सीकर के दांतारामगढ़ क्षेत्र के रैवासा धाम में अग्र पीठाधीश्वर राघवाचार्य जी महाराज के देवलोक गमन पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

शर्मा रैवासा के नए पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में शामिल हुए तथा माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर महाराज श्री से आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद धनश्याम तिवाड़ी ने मुख्यमंत्री को रैवासा धाम के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी भी दी।

इस अवसर पर नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, राज्य सैनिक कल्याण बोर्ड अध्यक्ष प्रेम सिंह बाजौर, विधायक गोवर्धन वर्मा, सुभाष मील, पूर्व सांसद सुमेधानंद सरस्वती सहित साधू-संत व जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहें।

### जानकी नाथ मंदिर में नए पीठाधीश्वर राजेन्द्र दास जी महाराज की चादरपोशी कार्यक्रम में हुए शामिल





# राहुल विदेश में जाकर भारत के खिलाफ विषवमन क्यों करते हैं?

कांग्रेस नेता एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने एक बार फिर से विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ जमकर उगला है। वह हाल ही में अमेरिका के दौरे पर थे और वहां वे भारत के विरोध में बोलते हुए चीन के गुणगान कर रहे थे , जबकि यह सभी जानते हैं कि चीन भारत का कभी भी मित्र नहीं रहा है। अमेरिका में बैठकर राहुल भारत से बेहतर चीन को बता रहे हैं और भाजपा संघ को निशाना बना रहे हैं।

यह पहली बार नहीं है जब राहुल गांधी ने विदेशी धरती से भारत के खिलाफ बोला हो, इससे पहले भी कई बार अपने विदेशी दौरे के दौरान भारत के खिलाफ बयान बाजी कर चुके हैं। उनके इस रवैए को क्या कहा जाए, क्या यह देशद्रोह नहीं है? क्या उन्हें अपने देश से प्रेम नहीं है। भारत में रहकर सरकार की खिंचाई करना तो समझ में आता है लेकिन विदेशी धरती पर भारत के खिलाफ बोलना कहां तक न्यायसंगत है। भारत में रहकर सरकार की बुराई करते करते वे यह भूल जाते हैं, उन्हें विदेशी धरती पर भारत को लेकर क्या बोलना है। राहुल गांधी अब एक जिम्मेदार नेता है। वे सांसद तो हैं ही, साथ ही संसद में विपक्ष के नेता भी हैं। विपक्ष के नेता को यह समझना चाहिए कि उन्हें कब, कहां क्या बोलना है। उनकी इसी हरकत के कारण भारत की जनता उन्हें कई नामों से पुकारती है। जब उन्हें पप्पू कहा जाता है तो उनकी बहन प्रियंका वाड्रा कहती हैं कि वे पप्पू नहीं है। उन्हें पप्पू कहकर उनकी छवि को धूमिल करना बताया जाता है। राहुल गांधी बार-बार विदेश में जाकर बिना सिर-पैर की बातें करते हैं। ऐसे-ऐसे बयान देते हैं जो देश के खिलाफ तो होता ही है लेकिन साथ ही सचाई से भी दूर-दूर तक कोई वास्ता नहीं रहता। राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं, संसदीय लोकतंत्र में विपथ का प्रथम चेहरा हैं। नेता प्रतिपक्ष के पद पर आसीन होने के बावजूद राहुल गांधी के व्यवहार में संसद के भीतर भी परिपक्वता और जिम्मेदारी भरे व्यवहार की समस्या बनी रहती है लेकिन यह नितान्त असहनीय और गैरजिम्मेदाराना हरकत है कि राहुल गांधी विदेशी दौरे के दौरान तमाम प्रोटोकाल को दर किनारे कर देश की प्रतिष्ठा को धूमिल करें।

यह राहुल गांधी की राजनीति है अथवा वह वाकई भारत को कमतर साबित करने पर आमादा रहते हैं, लेकिन यह तय है कि वह अक्सर गलत, भ्रामक और अनावश्यक तथ्य पेश करते हैं। ताजा संदर्भ सिखों का है। अमरीकी प्रवास के दौरान उन्होंने मंच से एक सिख नौजवान का नाम पूछा और फिर आशंका जताई कि सिख भारत में पगड़ी और कड़ा पहन पाएंगे या नहीं। वे गुरुद्वारे में प्रवेश पा सकेंगे या नहीं? राहुल की यह सवालिया आशंका निर्मूल है, क्योंकि भारत में ऐसी स्थिति नहीं है। कहीं भी पगड़ी या फिर सिखों के किसी भी धार्मिक प्रतीकों पर पाबंदी नहीं है। राहुल ने दावा किया कि वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं। सवाल है कि किसके खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं, जबकि ऐसे हालात ही नहीं हैं। सिखों को भारत में ठीक उतनी ही आजादी और अधिकार हासिल है, जितना किसी दूसरे धर्म के नागरिक को हासिल है। भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और इसलिए वहां व्यक्ति को आजादी और अधिकार धर्म देखकर न मिलते हैं और न ही धर्म के आधार पर छिनते हैं। ऐसे राहुल गांधी ऐसे बनान क्यों दे रहे हैं नह समझ से परे है? यही नहीं अमेरिका में उनके साथ गये उनके सलाहकार सैम पित्रोदा भी उनका यह कहकर बचाव कर रहे हैं कि सोनिया गांधी के बेटे राहुल गांधी पप्पू नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का एजेंडा कुछ बड़े मुद्दे को संबोधित करना है। जो करोड़ों रुपये खर्च करके बनाए गए भाजपा के विजन से बिल्कुल अलग है। वह उच्च शिक्षित हैं। वह किसी भी विषय पर गहरी सोच रखने वाले रणनीतिकार हैं। सैम पित्रोदा भले ही उनका बचाव करें लेकिन जिस तरह से वे विदेश में जाकर भारत के खिलाफ बोलने लगते हैं, उसे एक परिपक्व नेता का बयान नहीं कहा जा सकता है।

इससे एक बार फिर यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी, आज भी देश को बांटने वाले तत्वों के साथ मिले हुए हैं और टुकड़े-टुकड़े गिरोह का नेतृत्व कर रहे हैं। राहुल गांधी चीन के चंदे पर पलने वाले भारत विरोधी एक मोहरे से अधिक और कुछ भी नहीं हैं। इससे यह भी साबित होता है कि वे टुकड़े टुकड़े कहने वाले गैंग के सरगना हैं। राहुल गांधी का यह कहना कि भारत में सबकुछ मेड इन चाइना है। यह भारत के उन लोगों का अपमान है जो आज देश को आत्मनिर्भर बनाने में लगे जी जान से जुटे हुए हैं। आज भारत न केवल अन्न उत्पादन में आत्मनिर्भर हो चुका है बल्कि सैन्य क्षेत्र में भी आत्मनिर्भर चुका है। भारत के कुशल श्रमिक और कर्मचारी स्वदेशी तरीके से बहुत सी चीजें बना रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी उनका अपमान कर रहे हैं। इससे साबित होता है कि राहुल की जड़ें भारत की मिट्टी से जुड़ी नहीं हैं। उनका भारतीय लोगों, उनकी संस्कृति और परंपराओं से कोई लेना-देना नहीं है।

राहुल गांधी को तो इसका गर्व होना चाहिए कि भारत कई मामलों में आत्मनिर्भर हो चुका है। इसका उन्हें विदेश जाकर प्रचार करने के साथ सीना फुलाकर कहना चाहिए कि आज भारत सभी तरह से संपन्न होता जा रहा है। दुनिया की निगाहें भारत की ओर हैं। यूक्रेन और रुस जैसे देश यह मानने लगे हैं कि उनका युद्ध भारत ही खत्म करा सकता है। मोदी के नेतृत्व में आज भारत आत्मनिर्भर' बनने की ओर है और जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।इतना ही नहीं अमेरिका दौरे के दौरान एक वरिष्ठ पत्रकार द्वारा बंग्लादेश के हिन्दू उत्पीड़न के मामले में एक सवाल पूछने पर राहुल की टीम के लोगों ने जिस तरह एक पत्रकार को आधा घंटा तक एक कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया वह भी बहुत शर्मनाक और दंडनीय हरकत है। ऐसे समय में जब कुछ विदेशी ताकतों के विस्तारवाद के कारण भारत की प्रगति उन्हे रास नहीं आ रही है तब राहुल गांधी की इस तरह की हरकत निश्चित रूप से शर्मनाक है। ऐसे नेता को जनता इसी कारण से नकार देती है।


# चिंता का सबब बनता ओजोन परत का क्षरण



योगेश कुमार गोयल

16 सितम्बर 1987 को मॉन्ट्रियल में ओजोन परत के क्षय को रोकने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय समझौता हुआ था, जिसमें उन रसायनों के प्रयोग को रोकने से संबंधित महत्वपूर्ण समझौता किया गया था, जो ओजोन परत में छिद्र के लिए उत्तरदायी माने जाते हैं। ओजोन परत कैसे बनती है, यह कितनी तेजी से कम हो रही है और इस कमी को रोकने के लिए क्या उपाय किए जा सकते हैं, इसी संबंध में जागरूकता पैदा करने के लिए 1994 से प्रतिवर्ष 'विश्व ओजोन दिवस' मनाया जा रहा है किन्तु चिन्ता की बात यह है कि पिछले कई वर्षों से ओजोन दिवस मनाए जाते रहने के बावजूद ओजोन परत की मोटाई कम हो रही है। प्रतिवर्ष एक विशेष थीम के साथ यह महत्वपूर्ण दिवस मनाया जाता है। विश्व ओजोन दिवस 2024 का विषय है 'मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉलः जलवायु कार्यवाही को आगे बढ़ाना'। विश्व ओजोन दिवस का यह विषय ओजोन परत की रक्षा करने और वैश्विक स्तर पर व्यापक जलवायु कार्यवाही पहलों को आगे बढ़ाने में मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। विश्व ओजोन दिवस हमें स्मरण कराता है कि पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत आवश्यक है और यह विषय भविष्य की पीढ़ियों के लिए इसे बचाने हेतु निरंतर जलवायु कार्रवाई की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

आईपीसीसी की एक रिपोर्ट में तापमान में डेढ़ तथा दो डिग्री वृद्धि की स्थितियों का आकलन किए जाने के बाद से इसे डेढ़ डिग्री तक सीमित रखने की आवश्यकता महसूस की जा रही है और इसके लिए दुनियाभर के देशों से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के नए लक्ष्य निर्धारित करने की अपेक्षा की जा रही है। जहां तक भारत की बात है तो भारत ने 2030 तक ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन की तीव्रता में 35 फीसदी तक कमी लाने का लक्ष्य रखा है किन्तु जी-20 देशों पर जलवायु परिवर्तन से निपटने के उपायों की समीक्षा पर आधारित एक रिपोर्ट में कुछ समय पहले कहा गया था कि भारत सहित जी-20 देशों ने




ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में कटौती के जो लक्ष्य निर्धारित किए हैं, वे तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री तक सीमित करने के दृष्टिगत पर्याप्त नहीं हैं। रिपोर्ट के मुताबिक अपेक्षित परिणाम हासिल करने के लिए इन देशों को अपने उत्सर्जन को आधा करना होगा। रिपोर्ट में इस बात पर भी चिंता व्यक्त की गई थी कि जी-20 देशों की जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम नहीं हो रही है, जहां अभी भी करीब 82 फीसदी जीवाश्म ईंधन ही इस्तेमाल हो रहा है और चिंताजनक बात यह मानी गई थी कि कुछ देशों में जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी भी दी जा रही है। भारत ने हरित ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य 2027 तक 47 फीसदी रखा है और 2030 तक सौ फीसदी इलैक्ट्रिक वाहनों के उत्पादन का भी लक्ष्य है। हालांकि नवीन ऊर्जा के इन लक्ष्यों के लिए रिपोर्ट में भारत की सराहना भी की गई थी।

विश्व के अधिकांश क्षेत्रों में आज जलवायु परिवर्तन के चलते विनाश का जो दौर देखा जा रहा है, उसके लिए काफी हद तक ओजोन परत की कमी मुख्य रूप से जिम्मेदार है और हमें अब यह भी भली-भांति समझ लेना चाहिए कि हमारी लापरवाही और पर्यावरण से बड़े पैमाने पर खिलवाड़ ही पर्यावरण विनाश की सबसे बड़ी जड़ है। कुछ समय पूर्व एक रिपोर्ट में कहा गया था कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों के चलते दुनियाभर में करीब 12 करोड़ लोग विस्थापित होंगे। ओजोन परत के सुरक्षित न होने से मनुष्यों, पशुओं और यहां तक की वनस्पतियों के जीवन पर भी बेहद प्रतिकूल प्रभाव पड़ना तय है। यही नहीं, अधिकांश वैज्ञानिकों का मानना है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा और पानी के नीचे का जीवन भी नहीं बचेगा। ओजोन परत की कमी से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, सर्दियां अनियमित रूप से आती हैं, हिमखंड गलना शुरू हो जाते हैं और सर्दी की तुलना में गर्मी अधिक पड़ती है, पर्यावरण का यही हाल पिछले कुछ वर्षों से हम देख और भुगत भी रहे हैं। दरअसल, ओजोन परत में कमी और मोटे होते जा रहे छिद्र के कारण पृथ्वी तक पहुंचने वाली पराबैंगनी किरणें हमारे स्वास्थ्य तथा पारिस्थितिकी तंत्र पर बहुत हानिकारक प्रभाव डालती हैं। ओजोन परत की कमी से हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं।

ओजोन परत वातावरण में बनती है। जब सूर्य से पराबैंगनी किरणें ऑक्सीजन परमाणुओं को तोड़ती है और ये परमाणु ऑक्सीजन के साथ मिल जाते हैं तो ओजोन अणु बनते हैं। ओजोन परत पृथ्वी के धरातल से 20-30 किमी की ऊंचाई पर वायुमण्डल के समताप मंडल क्षेत्र में ओजोन गैस का एक झीना-सा आवरण है। यह परत पर्यावरण की रक्षक मानी गई है क्योंकि यही वह परत है, जो पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी पर आने से रोकती है। हमारे ऊपर के वातावरण में विभिन्न परतें शामिल हैं, जिनमें एक परत स्ट्रैटोस्फियर है, जिसे ओजोन परत भी कहा जाता है। ओजोन गैस प्राकृतिक रूप से बनती है। निचले वातावरण में पृथ्वी के निकट ओजोन की उपस्थिति प्रदूषण बढ़ाने वाली और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक लेकिन ऊपरी वायुमंडल में ओजोन परत की उपस्थिति पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए अत्यावश्यक है। जब सूर्य की किरणें वायुमंडल में ऊपरी सतह पर ऑक्सीजन से टकराती हैं तो उच्च ऊर्जा विकिरण के कारण इसका कुछ हिस्सा ओजोन में परिवर्तित हो जाता है। ओजोन परत सूर्य से निकलने वाली पराबैंगनी किरणों के लिए एक अच्छे फिल्टर के रूप में कार्य करती है। सूर्य विकिरण के साथ आने वाली पराबैगनी किरणों का लगभग 99 फीसदी भाग ओजोन मंडल द्वारा सोख लिया जाता है, जिससे पृथ्वी पर रहने वाले प्राणी एवं वनस्पति सूर्य के तेज ताप और विकिरण से सुरक्षित हैं और इसी कारण ओजोन परत को सुरक्षा कवच भी कहा जाता है। यही कारण है कि प्रायः कहा जाता है कि ओजोन परत के बिना पृथ्वी पर जीवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# कमला-ट्रंप डिबेटः किसकी हुई जीत, क्या हैं इसके निहितार्थ



ललित मोहन बंसल

अमेरिकी प्रेसिडेंशियल डिबेट में हार-जीत को डोनाल्ड ट्रम्प ने बहस का मुद्दा बना लिया है। उन्होंने समर्थकों में यह कहना शुरू कर दिया है कि उनके साथ धोखा हुआ। एबीसी टीवी नेटवर्क की टीम के दो और कमला हैरिस, तीनों ने साँठगाँठ कर उनके साथ धोखाधड़ी की, फिर भी जीते वही हैं। उन्होंने यह भी कहना शुरू कर दिया है कि 'बस, अब वह कमला के साथ और डिबेट नहीं करेंगे।' असल में डोनाल्ड ट्रम्प सोच कर तो यह चले थे कि वह एक नवागंतुक कमला हैरिस पर कड़े आक्षेप लगा कर डिबेट जीत लेंगे लेकिन हुआ इसके उलट। कमला मंच पर आते ही जैसे ही शिष्टाचारवश हाथ मिलाने ट्रम्प तक पहुँची, उन्होंने यह कहकर उपहास उड़ाने की कोशिश की, '...डिबेट का मज़ा लें। इसके बाद तो करीब डेढ़ घंटे तक एबीसी नेटवर्क के दोनों संवाददाताओं के सवालों पर कैलिफ़ोर्निया में स्टेट अटॉर्नी जनरल रहीं कमला हैरिस ने अपने सीधे-सपाट जवाबों से ट्रम्प को कटघरे में खड़ा कर दिया। यह भी पता चला कि ट्रम्प ने बाइडन-कमला हैरिस शासन की कथित बदहाली और अपने ही देश की अस्मिता पर जो घिनौने आरोप लगाए, ज्यादातर तथ्यहीन निकले। यहां तक कि ट्रम्प के मुरीद एक फ़ॉक्स न्यूज़ संवाददाता को कहना पड़ा कि डोनाल्ड ट्रम्प कसौटी पर खरे उतरने में विफल रहे। ट्रम्प की बॉडी लैंग्वेज बता रही थी कि वह डिबेट के दौरान सारा समय असहज रहे। उनका चेहरा तमतमा रहा था। अब तो चुनाव के परिणामों को लेकर ज्योतिषगण भी ट्रम्प की जीत को लेकर आश्वस्त नहीं है। इसका नतीजा यह सामने आ रहा है कि 'ट्रम्प सोशल मीडिया कंपनी' के शेयर डिबेट के बाद से नीचे गिर रहे हैं। इस प्रेसिडेंशियल डिबेट को लेकर लोगों में बड़ा उत्साह था। इसे एक 'उत्सव' की तरह न मनाएँ, ऐसा हो नहीं सकता। इसके दो प्रमुख कारण रहे। एक, इस बार दूसरी टर्म के लिए राष्ट्रपति बाइडन (81) के 27 जून को पहली डिबेट में मात खाने और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के मैदान में उतरने से डिबेट और बहुचर्चित हो गई। ट्रम्प बड़ी मुश्किल से 'एबीसी' टीवी नेटवर्क पर डिबेट के लिए तैयार हुए थे। शुरू में तो यही कहते रहे कि फ़ॉक्स नेटवर्क पर करा लें। बहरहाल, पिछले मंगलवार (10 सितंबर) को हुई इस डिबेट को क़रीब सात करोड़ लोगों ने देखा। डिबेट की ख़ास बात यह थी कि इसे देखने-सुनने के लिए अमेरिका के बड़े शहरों में बाज़ार सुनसान थे, पीक आवर्स में सड़क पर अपेक्षाकृत कम वाहन थे। हम 'रामायण' सीरियल के शुरूआती दिनों को याद करें, तो ठीक वैसा नजारा प्रेसिडेंशियल डिबेट का दिखाई पड़ रहा था। फ़िलिडेल्फ़िया के नेशनल कांस्टीचूशन सेंटर में हुई इस डिबेट में पंजीकृत मतदाताओं को प्रवेश की अनुमति थी। सेंटर के बाहर ख़ासी चहल-पहल थी।

ट्रम्प के तथ्यहीन, गोलमोल जवाब और अवैध इमीग्रेंट्स के पालतू बिल्ली-कुत्ते खाने की मनगढ़ंत कहानी से बड़ी थू-थू हो रही है। ट्रम्प के बार-बार मौजूदा प्रशासन में प्रत्येक ज़िम्मेदारी के लिए बाइडन के साथ कमला हैरिस पर ज़िम्मेदारी थोपने का औचित्य भी लोगों को रास नहीं आया। कमला हैरिस ने उन्हें याद दिलाया, वह राष्ट्रपति नहीं, उपराष्ट्रपति हैं और वह उपराष्ट्रपति की ज़िम्मेदारियां बखूबी जानते हैं। कमला हैरिस ने डोनाल्ड ट्रम्प को अमेरिका के ज्वलंत मुद्दों में शामिल गर्भपात, इमीग्रेशन, अपराध और आये दिन बंदूक हिंसा, महंगाई, बेरोजगारी तथा विदेश नीति के अन्तर्गत नाटो में अमेरिका की भूमिका आदि मुद्दों पर भी खूब लपेटा। ऐसे में ट्रम्प को अनेक मौकों पर गुस्से से तमतमाते देखा गया। गर्भपात पर पूछे गये एक सवाल के जवाब में ट्रम्प को अपने बयान बदलने पड़े और कहना पड़ा कि उनकी राष्ट्रीय स्तर गर्भपात बंद कराने की कोई योजना नहीं है। बंदूक हिंसा पर सवाल आया तो ट्रम्प को अपनी बात ही बेमानी लगी। कमला ने जोर देकर कहा कि संविधान प्रदत आत्मरक्षा के लिए बंदूक पर प्रतिबंद का उनका कोई प्रस्ताव नहीं है। आत्म सुरक्षा के लिए उनके खुद के पास बंदूक है। एक क्षण ऐसा भी आया जब ट्रम्प के इज़राइल-फ़लिस्तीन औररूरुस-यूक्रेन युद्ध को चौबीस घंटों में समाप्त किए जाने के दावे के बारे में पूछा गया तो वह युद्ध समाप्ति का कोई फ़ार्मूला नहीं दे पाये। सिवा इसके कि उनके रूस, चीन और यूक्रेन के राष्ट्रपति से अच्छे संबंध हैं। इसके विपरीत कमला हैरिस ने अमेरिका की नाटो देशों से अच्छे संबंधों और इज़राइल-फ़लिस्तीन युद्ध के तत्काल युद्धविराम और दो राष्ट्र के सिद्धांत पर जोर दिया। 'टाइम' पत्रिका की ताजा रिपोर्ट पर नज़र दौड़ाएँ तो इस कड़े मुक़ाबले में भारतीय मूल की कमला हैरिस ने आशा के विपरीत ट्रम्प को झकझोड़ने में बड़ी सफलता अर्जित कर ली है। अभी मतदान के 55 दिन (5 नवंबर) बचे हैं। कमला हैरिस-टिम वाल्ज की जोड़ी चुनावी फंड में बाजी मार चुकी है। अब काँटे की टक्कर वाले सात राज्यों में मूलतः अधिकाधिक श्वेत मत बटोरने की कोशिशें हो रही हैं, जबकि ट्रम्प और उनके साथियों का सारा दारोमदार अपने इवेंजिलिस्ट श्वेत मतों के अलावा अश्वेत, हिस्पैनिक और एशियाई वोटों पर है। ट्रम्प को यहूदी मत मिल रहे है, तो कमला फ़लिस्तीनी मुस्लिम मतों को रिझाने में लगी हैं। इस तरह रेड और ब्लू राज्यों में अपने अपने डेलीगेट के साथ जो भी कुल 538 डेलीगेट मतों में 270 डेलीगेट मत बटोर पाने में सफल हो जाएगा, उसी के सिर सेहरा बंधना तय है। 'इकोनॉमिस्ट' न्यूज़ मीडिया की मानें तो इस बार विजयी सेहरा बँधना भी सहज नहीं होगा, बशर्ते हार-जीत का फ़ैसला बड़ा न हो। दोनों ओर से तलवारें चमकाई जा रही हैं।

सत्ता हस्तांतरण जोखिम भरा खेलः डोनाल्ड ट्रम्प और कमला हैरिस के बीच फिलहाल काँटे की टक्कर है। कमला हैरिस ने आश्वस्त किया है कि सत्ता हस्तांतरण में उनकी ओर से किसी अप्रिय घटना की उम्मीद न करें। लेकिन साथ ही उन्होंने देशवासियों को सचेत किया है, 'एक बात ग़ौर कर लें कि आपराधिक मामलों में सुप्रीम कोर्ट से 'इम्युनिटी' मिलने के बाद डोनाल्ड ट्रंप व्हाइट हाउस में पुनः पदार्पण करते हैं तो उन पर कोई अंकुश नहीं रह जाएगा।' ट्रम्प यह बार-बार कह चुके हैं कि उनके विरुद्ध सभी आपराधिक मामले राजनैतिक विद्वेष की वजह से लगाए गए थे। वह सत्ता में आते हैं तो डेमोक्रेट के विरुद्ध भी वे वैसा ही सलूक करने को स्वतंत्र होंगे। हालाँकि उन्होंने उपद्रव में किसी तरह के हाथ होने से इनकार किया है। उन्होंने तो उपद्रवियों को शांत रहने की अपील की थी। डेमोक्रेट की ओर से शंकाएँ व्यक्त की जा रही हैं कि 'एक बार सत्ता में आने के बाद डोनाल्ड ट्रम्प अपने अटॉर्नी जनरल को आदेश देकर अपने विरुद्ध आपराधिक मामले वापस लेने का आदेश दे सकते हैं। अमेरिका ग्रेट अगेन का राग अलापने और चीन से सीमा शुल्क के रूप में अरबों डॉलर अर्जित करने में ट्रम्प ने अपनी पीठ थपथपाने में कोई कमी नहीं छोड़ी, वहीं बाइडन -कमला हैरिस प्रशासन में आर्थिक स्थिति के बिगड़ने और इमिग्रेंट्स के रूप में अपराधियों को शरण दिए जाने के ढेरों आरोप लगाए। उन्होंने देश में बढ़ती बेरोज़गारी और महंगाई दरें बढ़ने से मध्यम आयवर्ग की समस्याओं का चित्र खींचने की भरपूर कोशिशें की। लेकिन कॉर्पोरेट समुदाय और उच्च वर्ग की आय पर करों में कटौती का प्रस्ताव रुचि कर नहीं था। ट्रम्प की ओर से भुखमरी के शिकार अवैध इमिग्रेंट्स के बिल्ली आदि खाने के निरर्थक आरोप मढ़े जाने की बात भी किसी के गले नहीं उतरी।

पिछली 27 जून को बाइडन और ट्रम्प के बीच पहली नेशनल टीवी डिबेट में राष्ट्रपति के लड़खड़ाने और उम्मीदवारी से हटाने के बाद उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को नाटकीय रूप से डेमोक्रेटिक पार्टी का उम्मीदवार बनाया गया था। इसके पश्चात कुछेक डेमोक्रेट को छोड़ कर पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, बिल क्लिंटन और कांग्रेस में प्रतिनिधि सभा की पूर्व स्पीकर नैन्सी पेलोसी सहित सीनेटर ने कमला को समर्थन दिया है। इस समय कमला काँटे की टक्कर वाले सात राज्यों में कड़े मुकाबले में हैं। इनमें तीन राज्यों में कमला हैरिस बढ़त बना चुकी हैं। इस डिबेट के तुरंत बाद अमेरिका की प्रख्यात गायिका स्विफ्ट टेलर ने जिस तरह कमला हैरिस का समर्थन किया है, उससे उनके मुरीद दो करोड़ से अधिक युवाओं से कमला हैरिस को राहत मिली है।

आपराधिक मामलेः इस डिबेट में एक क्षण वह भी आया जब ट्रम्प ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में आपराधिक वृत्ति के लाखों अवैध इमिग्रेंट्स घुस आये हैं। इस पर कमला ने यह कह कर ट्रम्प का मुँह बंद कराने में कोई चूक नहीं की कि वह तो ख़ुद न्य यॉर्क 'हुश मनी' सिलसिले में 34 विभिन्न मामलों में दोषी हैं। यह कोई छोटी बात नहीं है कि एक ऐसा व्यक्ति जो खुद राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक अपराधों, चुनाव में हस्तक्षेप और यौन आपराधिक मामलों में दोषी हो, उसके खुद के अपराधों के बारे में क्या कहेंगे? ट्रम्प ने शुरुआत में ही कमला हैरिस को एक मार्क्सवादी, आर्थिक और विदेश नीति में नई नवेली डेमोक्रेट के रूप में चित्रित करना शुरू किया। वह यह कहते भी नहीं चूके कि बाइडन-कमला हैरिस के पिछले साढ़े तीन साल के कालखंड में अमेरिका ऐसी बुरी स्थिति में आ गया है कि यह तीसरे विश्वयुद्ध को रोक पाने में असमर्थ है। जबकि उनके नेतृत्व में यूक्रेन-रूस युद्ध हो अथवा इज़राइल-हमास युद्ध, वह चौबीस घंटों में समाप्त कराने की क्षमता रखते हैं। हालाँकि डिबेटर डेविड के पूछे जाने पर ट्रम्प के पास कोई फ़ार्मूला नहीं था।

यक्ष प्रश्न यह कि 'क्या चुनाव के लिए बचे शेष समय में शीर्ष डेमोक्रेट अपनी उम्मीदवार कमला के पक्ष में कथित 'ग्लास सीलिंग' से ग्रस्त श्वेत महिला-पुरुषों को मतदान के दिन राष्ट्रपति जैसे उच्चपदस्थ पद के लिए वोटबैंक में तब्दील कर पाएँगे।

# सोशल मीडिया का मनमोहक व्यसन और उसके परिणामः एक मानवीय परिप्रेक्ष्य



मनतार सिंह

वर्तमान डिजिटल युग में फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्वीटर, टिकटॉक और स्नैपचैट जैसी सोशल मीडिया साइटें अब हमारे रोजमर्रा के जीवन का अनिवार्य हिस्सा हैं। ये प्लेटफ़ॉर्म हमें खुद को अभिव्यक्त करने, यादें साझा करने और दोस्तों और परिवार के साथ रिश्ते बनाए रखने की क्षमता देते हैं, लेकिन लत के रूप में इनमें एक खामी भी है। बहुत से लोग इनका उपयोग इस ग़लत धारणा में करते हैं कि इनके उपयोग पर उनका नियंत्रण है और वे दूसरों की उपेक्षा या उपेक्षा कर सकते हैं। हालाँकि, सोशल नेटवर्किंग दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए एक शिक्षाप्रद और आरामदायक शगल से विकसित होकर एक ऐसी आकर्षक मन मोहक आदत बन गई है जिसके गंभीर परिणाम अक्सर शराब, जुआ या धूम्रपान जैसे अधिक प्रसिद्ध व्यसनों से मिलते जुलते या समान से हैं। इन सोशल मीडिया साइटों या प्लेटफॉर्म का कोई कैसे आदि हो जाता है , इस लत के क्या परिणाम होते हैं और कोई इससे कैसे छुटकारा पा सकता है , आइये इस पर चर्चा करते हैं।

सोशल मीडिया व्यसन की रूपरेखा

हम सभी जानते हैं कि सोशल मीडिया की लत रातोरात नहीं लगती। इसकी शुरुआत भोलेपन से होती है, जब लोग समय गुजारने के लिए या हमारे समाज और उसके आस-पास और पूरी दुनिया में हो रही घटनाओं के बारे में जिज्ञासावश अपने मोबाइल फोन या सिस्टम फ़ीड की स्क्रीन ब्राउज़ करते हैं। यह धीरे-धीरे आगे बढ़ता है और उस बिंदु तक पहुंच जाता है जहां विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्मों से सूचनाओं की जांच करना एक प्राकृतिक प्रतिक्रिया है, और प्रत्येक "पसंद" या "फ़ॉलो" टिप्पणी मस्तिष्क के इनाम रसायन में डोपामाइन का तेजी से विस्फोट करती है। यह इनाम प्रणाली अत्यधिक नशे की लत बन जाती है, जिसकी तुलना एक दवा उपयोगकर्ता द्वारा महसूस की जाने वाली "ड्रग्स" से की जा सकती है।

ये प्लेटफ़ॉर्म फैंसी, व्यसनी और उपयोगकर्ता के अनुकूल बनाए गए हैं। प्रदर्शन जानकारी प्रदान करने के लिए एल्गोरिदम को बार-बार पुनर्गठित किया जाता है, जिससे उपयोगकर्ताओं के इन प्लेटफॉर्मों से जुड़ने की अधिक संभावना होती है, और बार-बार संपर्क को प्रोत्साहित करने के लिए सूचनाओं की सावधानीपूर्वक योजना बनाई जाती है। इस चक्र में आने वाले उपयोगकर्ताओं को संतुष्टि की भावना बनाए रखने के लिए अधिक भागीदारी, मन मोहक पसंद और ध्यान की आवश्यकता होती है।

सोशल मीडिया की लत के परिणाम

सोशल मीडिया की लत मानसिक स्वास्थ्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकती है, जिससे अपर्याप्तता, अवसाद,आत्मसम्मान में कमी और उदासी की भावनाएँ पैदा हो सकती हैं। भावुक उपयोगकर्ताओं को चिंता और उदासी से पीड़ित होने की अधिक संभावना है। पीछे छूट जाने का डर (फिअर ऑ×फ मिसिंग आउट डटड) समस्या को बढ़ा देता है। डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म पर



अत्यधिक निर्भरता से दक्षता कम हो जाती है, क्योंकि ध्यान भटकाने वाले लगातार ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रतिस्पर्धा करते रहते हैं। इसके परिणामस्वरूप समय सीमा चूक सकती है, शैक्षणिक उपलब्धि खराब या क्षीण हो सकती है, और पेशेवरों और छात्रों के लिए नौकरी की गुणवत्ता खराब हो सकती है।

नींद के पैटर्न में खलल

सोशल मीडिया की लत का नींद पर प्रभाव एक और प्रसिद्ध दुष्प्रभाव है। थोड़ा आराम करने के बजाय देर तक जागते रहना, पोस्ट पढ़ना और सोशल मीडिया पर वीडियो देखना बहुत आसान है। अध्ययनों के अनुसार, फोन स्क्रीन से निकलने वाली रोशनी मेलाटोनिन के उत्पादन को रोककर हमारे प्राकृतिक नींद चक्र में हस्तक्षेप करती है, जिससे सोना मुश्किल हो जाता है। हमारी नींद का चक्र बाधित हो जाता है, जिससे थकान हो सकती है, संज्ञानात्मक कार्य में कमी हो सकती है और मोटापा और हृदय रोग जैसी स्वास्थ्य समस्याओं की संभावना अधिक हो सकती है।

क्षीण पारस्परिक संबंध

विरोधाभासी रूप से, सोशल मीडिया की लत वास्तविक जीवन में रिश्तों को ख़राब कर सकती है। व्यक्ति आम तौर पर व्यक्तिगत बातचीत के बजाय ऑनलाइन कनेक्शन को प्राथमिकता देते हैं, जिससे रिश्तों में खटास आ जाती है। दोस्तों और परिवार के सदस्यों के साथ बातचीत के दौरान लगातार अपना फोन चेक करने से दूसरों को भूला हुआ या महत्वहीन महसूस हो सकता है, जो दोस्तों, परिवार , बुजुर्गों और भागीदारों के साथ संबंधों के लिए बुरा है।

इसके अलावा, सोशल मीडिया पर औचित्य की आवश्यकता से ध्यान आकर्षित करने वाली संस्कृति को बढ़ावा मिल सकता है, जिसे लाइक, टिप्पणियों और फॉलोअर्स के माध्यम से प्रदर्शित किया जाता है। लोग अपने वास्तविक दोस्तों और परिवार के सदस्यों, विशेषकर बुजुर्गों के साथ ऑफ़लाइन संबंध विकसित करने की बजाय अपनी ऑनलाइन प्रतिष्ठा के बारे में अधिक परवाह करना शुरू कर देते हैं।

विकृत आत्म-धारणा

सोशल मीडिया नेटवर्क पूर्णतावाद का समर्थन करते हैं। फ़िल्टर, संपादित तस्वीरें, और सावधानीपूर्वक प्रबंधित और सुसंस्कृत पोस्ट सुंदरता, सफलता और जीवन शैली के लिए नकली और भ्रामक मानक निर्धारित करते हैं। वास्तविकता की यह गलत धारणा खराब आत्म-छवि को जन्म दे सकती है क्योंकि लोग ऐसा जीवन जीने के लिए प्रेरित महसूस करते हैं जो परिपूर्ण और बेदाग प्रतीत होता है। लाइक, टिप्पणियों और शेयरों के माध्यम से बाहरी मान्यता प्राप्त करने का लगातार फीडबैक लूप सोशल मीडिया की भागीदारी के आधार पर किसी के आत्म-मूल्य को बदल सकता है, जिससे वास्तविक जीवन में आत्मविश्वास कम हो सकता है।

सोशल मीडिया की व्यसनता पर काबू पाना

सोशल मीडिया की लत को पहचानना इसे हल करने की दिशा में पहला कदम है। किसी भी अन्य लत की तरह इस आदत को तोड़ने के लिए आत्म-जागरूकता और बदलाव का संकल्प लेना पड़ता है। हम फोन पर ऐप की समय सीमा निर्धारित करके या स्क्रीन टाइम ट्रैकिंग ऐप्स का उपयोग करके अपने दैनिक उपयोग की सीमा निर्धारित कर सकते हैं। अपने फ़ोन को बीच-बीच में जाँचने की प्रवृत्ति को कम करने के लिए गैर-आवश्यक अलर्ट बंद करें। सोशल मीडिया के अलावा अन्य शौक या रुचियों को फिर से खोजें, जैसे पढ़ना, पेंटिंग करना, व्यायाम करना या प्रियजनों के साथ समय बिताना ताकि हम ऑफ़लाइन अधिक समय बिता सकें। अपने दिमाग को ताज़ा करने और डिजिटल डिटॉक्स के माध्यम से निर्भरता के चक्र को बाधित करने के लिए सोशल मीडिया से नियमित विराम लें। आज के डिजिटल युग में सोशल मीडिया की लत कोई विकासशील मुद्दा नहीं है। हालाँकि ये प्लेटफ़ॉर्म आनंद और जुड़ाव देते हैं, लेकिन सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग के प्रमुख प्रभाव हैं, जिनमें मानसिक स्वास्थ्य कठिनाइयों से लेकर वास्तविक जीवन में तनावपूर्ण रिश्ते तक शामिल हैं। व्यक्ति इन प्लेटफार्मों की व्यसनी प्रकृति को पहचानकर और उनके उपयोग को नियंत्रित करने के लिए सक्रिय कार्रवाई करके अपने ऑनलाइन और ऑफलाइन जीवन के बीच एक स्वस्थ संतुलन प्राप्त कर सकते हैं। जब समायोजन करने या सहायता मांगने की बात आती है, तो याद रखें कि एक कदम पीछे हटना ठीक है। आख़रिकार, जीवन के बेहतरीन पलों को फ़्लिम में कैद करने के बजाय खुद अनुभव किया जाता है।

# भाजपा के सदस्यता अभियान के साथ सेवा पखवाड़े में कार्यकर्ता बढ़-चढ़ कर निभाए सहभागिता: मदन राठौड़

## भाजपा प्रदेश प्रभारी डा राधा मोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी विजया राहटकर सहित भाजपा पदाधिकारियों ने खींवसर में ली संगठनात्मक बैठक

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नेतृत्व में आज नागौर के खींवसर विधानसभा में उपचुनावों को लेकर संगठनात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी विजया राहटकर, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सीआर चौधरी, ज्योति मिर्धा, नारायण पंचारिया, महामंत्री जितेंद्र गोठवाल और राजस्थान सरकार के मंत्री सुरेश रावत ने कार्यकर्ताओं से चर्चा की।





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि भाजपा विचारधारा आधारित वो पार्टी है जहां कार्यकर्ता को सर्वोपरि माना जाता है। भाजपा में ''बूथ जीते को चुनाव जीते'' नीति पर कार्य करते हुए आमजन को जोड़ा जाता है। भाजपा अपने बूथ मैनेजमेंट को मजबूत करने का कार्य कर रही है। भाजपा का सदस्यता अभियान भी इसी बूथ प्रबंधन को मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की रीति और नीति से आमजन को अवगत कराते हुए भाजपा सरकार की योजनाओं को समझाना चाहिए और मतदाताओं को पार्टी से जोड़ना चाहिए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बूथ व मंडल स्तर के कार्यकर्ताओं से चुनावी चर्चा करते हुए खींवसर उपचुनाव की जीत को लेकर रणनीति बनाई।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड ने बताया कि 17 सितंबर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से भाजपा में 15 दिवसीय सेवा पखवाडे का शुभारंभ किया जा रहा है। इस पखवाडे में 25 सितंबर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय जयंती और 2 अक्टूबर को गांधी जयंती मनाई जाएगी। इस सेवा पखवाडे में रक्तदान शिविर, स्वच्छता अभियान, सचित्र प्रदर्शनी, विषय आधारित संगोष्ठी, वृक्षारोपण अभियान सहित विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाडा भी अपने बूथ को मजबूती प्रदान करने का सबसे बेहतर माध्यम है। ऐसे में हम सभी को सदस्यता अभियान के साथ सेवा पखवाडे में बढ़चढ़ कर सहभागिता निभानी है।

भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ राधा मोहन दास अग्रवाल ने कार्यकर्ताओं से आ''ान किया कि वे उपचुनाव की तैयारियों में जुट जाए। भाजपा में अनुशासन सर्वोपरि है, यहां कार्यकर्ता विचार और संगठन के अनुशासन का अनुसरण अवश्य करें। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रयत्नों से सरकार के काम को घर-घर पहुंचाकर उनको सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करें। भाजपा में कार्यकर्ताओं का सम्मान किया जाता है और कार्यकर्ता परिवार के भाव के साथ काम करता है। उपचुनाव में कार्यकर्ताओं को एक जुट होकर पार्टी के लिए काम करने की अपील की।

भाजपा प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर ने कहा कि भाजपा के सदस्यता अभियान के लिए कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर भजनलाल सरकार की योजनाओं को बताना है और आमजन को सदस्यता ग्रहण करवानी है। भाजपा में सदस्य जोड़े नहीं जाते, बल्कि भाजपा परिवार का सदस्य बनाया जाता है। खींवसर संगठनात्मक बैठक में भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों के साथ जिला स्तरीय पदाधिकारी, विधायकगण, पूर्व विधायक सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## संक्षिप्त समाचार

### धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित महेरडा व पूर्व खटश छात्रों द्वारा नवोदय के पल SONG का किया पोस्टर विमोचन




**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले के नवोदय विद्यालय में चिड़िया म्यूजिक स्टूडियो द्वारा नवोदय की पल सॉन्ग का पोस्टर विमोचन धौलपुर पुलिस अधीक्षक सुमित महेरडा और नवोदय विद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा किया गया। यह दिनांक 15 सितम्बर 2024 को चिड़िया म्यूजिक यूट्यूब चैनल पर अपलोड किया जायेगा। यह गीत नवोदय विद्यालय में छात्रों द्वारा आवासीय विद्यालय के रूप में दिए गए 7 सालों की यादों का वर्णन व यादों को ताजा करता है। गीत को सुरभि द्वारा गाया गया है, और मनीष बंसी द्वारा लिखा गया हैं। पोस्टर विमोचन के समय पूर्व छात्रों में प्रमुख रूप से महेंद्र शर्मा, दीपक शर्मा, काशी परमार , सत्यप्रकाश साथ ही सुरभि, एडवोकेट रामू दुबे, पौरुष बघेला, और मनीष बंसी मौजूद रहे।

### भारतीय किसान संघ की जयपुर ज़िले की कार्यकारिणी का गठन

- राधेशयाम शर्मा अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण यादव मंत्री बने




**चमकता राजस्थान। जयपुर, 15 सितंबर ।** भारतीय किसान संघ की बैठक रविवार को भारतीय विद्या निकेतन स्कूल रामपुरा डाबड़ी में आयोजित की गई ।इसमें जयपुर जिला कार्यकारिणी का गठन किया गया। किसान संघ के संभाग प्रचार प्रमुख डॉ.लोकेश कुमार चंदेल ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दलाराम बटेसर ने कहा है कि किसानों को अपना भविष्य स्वयं को तय करना होगा क्योंकि किसान का भविष्य नेता तय नहीं करेंगे । हमें ही अपनी समस्याओं की आवाज़ उठानी होगी। प्रांत महामंत्री डा साँवरमल सोलेट ने कहा कि किसानों को ग्राम समितियों की नियमित बैठक करनी चाहिए ।गांवों की समस्याओं का निपटारा गाँव में ही करना होगा ।पटवारी , ग्राम सेवकों के चंगुल से किसानों को बचाना है । गाँव में आज युवा भ्रमित होकर नशे का आदी होते जा रहे है उसका निदान हमें गाँव समितियों में बैठकर करना होगा। इसके पूर्व जयपुर ज़लि की कार्यकारिणी का गठन किया गया । इसमें जिलाध्यक्ष राधेशयाम शर्मा, मंत्री लक्ष्मी नारायण यादव को बनाया गया। कार्यकारिणी में बगरंगलाल शर्मा तिलपट्टी, तेजाराम सोढ, जगदीश गेना, रामनिवास शर्मा , हरफूल निठालवाल, भगवान बिजारणिया, बोदूराम निठारवाल, बनवारी योगी , ओमप्रकाश लंबा , गोपाल बुनकर ,ओम प्रकाश शर्मा , कानाराम दादरवाल, मुकेश शर्मा , यशोदा मीणा , यमुना दत्त शर्मा , माम राज , हनुमान, गोपाल ,रामेश्वर को स्थान दिया गया है। इनके कार्यों का विभाजन बाद में किया जाएगा । बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष छोगाराम सैनी, प्रांत अध्यक्ष कालूराम बाँगड़ा , प्रांत युवा प्रमुख गोपाल सिंह, प्रदेश कार्यालय मंत्री करण सिंह यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे ।

---

## इंजीनियर डे पर सामाजिक सेवा हेतु रक्तदान शिविर एवं विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

### इंजीनियर डे पर इंजीनियर फोरम भरतपुर के अभियंताओं द्वारा विभागीय कार्यों के साथ-साथ कराऐ कार्यक्रम

चमकता राजस्थान

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** महान इंजीनियर भारत रत्न सर मोक्षगुंडम विश्वसरैया जी के जन्मदिवस अवसर पर पूरे देश में मनाये जाने वाले इंजीनियर्स दिवस के अवसर इंजीनियर्स फोरम द्वारा कल राजकीय अभियांत्रिकी महाविद्यालय भरतपुर में मोक्षगुंडम विश्वसरैया पार्क में स्थापित विश्वसरैया जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं के साथ एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें राज्य व केंद्र के अलग-अलग विभागों के अभियंता शामिल होकर अपनी एकता एवं सामाजिक सेवा का परिचय देते हुए ऐसे महान इंजीनियर के उच्च कार्यो एवं आदर्शो को याद किया एवं सभी को आपस में शुभकामनाये दी ।

कार्यक्रम में अभियांत्रिकी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रवि गुप्ता, यूआईटी , नगर निगम, पीडब्ल्यूडी एवं पीएचइडी के अधिशासी अभियंता डीपी शर्मा, बहादुर सिंह, ब्रजमोहन सिंह जाटव,अभिषेक मिश्रा सहित सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता हेमराज गोयल, सीएम गुप्ता, महेशचंद गोयल फोरम के संरक्षक उत्तम सिंह, जीवनलाल शर्मा आदि सीनियर अभियन्ताओ ने उपस्थित होकर अपने सभी साथी अभियंताओं का उत्साह वर्धन किया एवं हर परिस्थिति में एक दूसरे को सहयोग करने एवं अपने कार्यो से जिले के विकास को नए आयाम देने हेतु मार्गदर्शित किया ।



फोरम के अध्यक्ष मनोज पाराशर द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अभियंताओं का हार्दिक स्वागत किया एवं इसी तरह इंजीनियर फोरम भरतपुर को मजबूती प्रदान करने हेतु आपस में एक दूसरे के सहयोग करने का आ''ान किया जिससे की किसी समस्या से केवल एक अभियंता को ही सामना नही करना पडे।

फोरम के सचिव मनीष गुप्ता द्वारा फोरम की इन सभी गतिविधियों के लिए अपना पूर्ण सहयोग देने एवं फोरम के कार्यो के लिये हर समय सहयोग प्रदान करने के लिये प्राचार्य डॉ रवि गुप्ता जी का बहुत ही हार्दिक आभार व्यक्त किया।

फोरम से जुड़े सभी विभागों के सभी वर्गो के अभियंता केवल विभागीय कार्यो से ही जिले की विकास में भागीदारी नहीं निभा रहे हैं अपितू हर वर्ष रक्तदान शिविर का आयोजन कर बहुत सी जरूरतमंद जानो को बचाने का कार्य कर अपनी सामाजिक सेवा का परिचय दे रहे हैं।

रक्तदान शिविर में धीरज सिंह, लवकुश धाकड़, धवल व्यास, दीपेश चौधरी, दीपक कुमार गोयल, देवेंद्र सिंह, राधेश्याम गुर्जर, उदयपाल सिंह,कमल सिंह,अजीत कुमार, योगेश जैन,संजू सिंह,विष्णु फौजदार, पूजा शर्मा, नितिन डागुर, रोहित सिंह,अभिषेक गुप्ता सहित सेवानिवृत्त अभियंता राजेंद्र शर्मा ने भाग लेकर सामाजिक सेवा के क्षेत्र में इंजीनियर्स फोरम भरतपुर को गौरवान्वित किया।

फोरम के सभी अभियंताओं के बीच आपसी सहयोग को बढ़ाने के लिए एवं मानसिक तनाव को कम करने के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया जिसमें महिला वर्ग की बैडमिंटन एवं चैस प्रतियोगिता में आरती मीणा एवं पूजा शर्मा विजयी रही पुरुष वर्ग की चैस प्रतियोगिता में रिंकू अग्रवाल, कैरम में धीरज सिंह टेबल टेनिस में दीपक गोयल एवं बैडमिंटन में अभिषेक गुप्ता विजयी रहे।।

आज के कार्यक्रम की विभिन्न प्रतियोगिता में विजयी रहे सभी अभियंताओं का एवं सभी रक्तदान करने वाले रक्त वीरों का 19 सितम्बर को प्रेम गार्डन में होने वाले फोरम के छठवें वार्षिक समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

आज के इस कार्यक्रम के अवसर पर अरविंद तोमर पवन तिवारी अनिरुद्ध सिंह निशांक मित्तल मनोज कुमार वेदपाल सिंह मनीष दायमा आदि अभियन्ताओ ने ने कार्यक्रम की अलग-अलग गतिविधियों में सहयोग प्रदान कर सभी गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन किया।

---

## बिजली विभाग के इन्टर डिस्कॉम संघर्ष समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान। भरतपुर/सिरोही (राजवीर सिंह)।** 15 सितंबर 2024 को सिरोही जिले के मंडार मे पधारें सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, सांसद लुंबाराम चौधरी पूर्व विधायक जगसी राम, जिला प्रमुख अर्जुन राम पुरोहित, इन्टर डिस्कॉम संघर्ष समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें इन्टर डिस्कॉम तबादलों की मांग को लेकर विस्तार से बताया गया है।

ज्ञापन में समिति ने अपनी मांगों को लेकर विस्तार से बताया है और विधायक/सांसद एवं जिला प्रमुख से अनुरोध किया है कि वह सरकार के समक्ष इन मांगों को प्रमुखता से रखें और समिति की मांगों को पूरा करने में सहयोग करें।इन्टर डिस्कॉम संघर्ष समिति राजस्थान के सिरोही टीम के अध्यक्ष ने गोपाल सिंह ने कहा, ₹हम लंबे समय से इन्टर डिस्कॉम तबादलों की मांग कर रहे हैं, लेकिन अभी तक इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया है। हमें उम्मीद है कि विधायक जीवा राम चौधरीजी सांसद लुंबा राम हमारी मांगों को पूरा करेंगे।

सांसद जालौर सिरोही लुंबा राम चौधरी विधायक जीवा राम चौधरी पूर्व विधायक जगसी राम जिला प्रमुख सिरोही अर्जुन राम पुरोहित ने समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह सरकार के समक्ष उनकी मांगों को प्रमुखता से रखेंगे और समिति की मांगों को पूरा करने में सहयोग करेंगे। इस अवसर पर इन्टर डिस्कॉम संघर्ष समिति के धर्मसिंह मीना महेश कुमार, गिरार्ज मीणा, दौलत मीना नाथूसिंह, नरेश, रामकेश मीना, ललित तेजराम जयसिंह,खेंमचन्द बाबूलाल मीना,सतीश जी,राजेन्द्र, महेश, बरमदेव और अन्य सदस्य बिजली कार्मिक उपस्थित रहे एंव पदाधिकारी सहित उपस्थित थे।

## रा शि संघ अंबेडकर भरतपुर ने 11 सूत्रीय मांगो को लेकर सौपा ज्ञापन

**चमकता राजस्थान। भरतपुर, (राजवीर सिंह)।** राजस्थान शिक्षक संघ (अंबेडकर) के प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश शिक्षक नेता पूर्व प्रदेश महामंत्री सुरेश कुमार देशबंधु के नेतृत्व में माननीय उपमुख्यमंत्री प्रेमचंद बेरवा को 11 सूत्री मांग पत्र का ज्ञापन निवास स्थान जयपुर में सोपा गया जिसमें प्रमुख मांग तृतीय श्रेणी शिक्षकों का स्थानांतरण करना थर्ड ग्रेड शिक्षकों एवं सेकंड ग्रेड शिक्षकों की डीपीसी करना ड्डस्त्र२ लागू लागू करना आंगनबाड़ी कर्मचारी को स्थाई करे या वेतन 25000/रुपए करना टीएसपी क्षेत्र से नॉन टीएसपी क्षेत्र में शिक्षकों को लगाना शारीरिक शिक्षकों को टीएसपी से नॉन टीएसपी पुराने आदेश के अनुसार उन्हें पुनः लगाना सभी वर्गों के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति बढ़ाना सभी महान पुरुषों की तस्वीर है एवं जयंतियां विद्यालय में मनाना रोस्टर रजिस्टर लागू कर बेक लॉग भरना आदि मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया इस दौरान प्रदेश शिक्षक नेता सुरेश कुमार देशबंधु मुकेश कुमार पीपल संभाग उपाध्यक्ष भरतपुर, विकास आर्शिवाल, अश्विन कुमार तुरानिया ,नरेंद्र कुमार, महेंद्र वर्मा ,सुभाष चन्द्र आदि शिक्षक सदस्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे'।

---

## दौलत सिंह फौजदार ने की ठाकुर जी की पूजा अर्चना

# उच्चैन में रासलीला देखने उमड़ा जनसैलाब दर्शको का रासलीला ने मन मोहा

चमकता राजस्थान।

**भरतपुर (राजवीर सिंह)।** क्षेत्र के कस्बा उच्चैन में,श्रीशयाम शयाम भक्त मण्डली और शयाम शयाम मंदिर भक्तों की ओर से उच्चैन में स्थित श्रीशयाम शयाम मंदिर पर मनाऐ जा रहे राधा रानी महोत्सव के तहत रासलीला और अन्य धार्मिक कार्यक्रम आयोजन किए जा रहे है। जिन कार्यक्रमों में कस्बा सहित आसपास के अनेक गांवों के भारी संख्या में श्रीकृष्ण और राधा रानी के भक्त भाग ले रहे हैं।रासलीला का क्षेत्र के सभी लोग परिवार की नन्ही मुन्नी बच्चों सहित महारास का आनंद ले रहे हैं।



भाजपा के वरिष्ठ नेता व क्षेत्र के सबसे बड़े समाज सेवी दौलत सिंह फौजदार ने महा रासलीला में भगवान श्री कृष्ण राधा रानी जी की पूजा अर्चना की। पूजा के बाद दौलतसिंह फौजदार ने कहा कि ब्रज के ठाकुर भगवान कृष्ण और राधा रानी की पूजा अर्चना करने से मानव को आत्म शांति मिलती है और परिवार में खुशहाली छाई रहती है। समाज देश और परिवार का उत्थान होता है। हमें नित्य भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी जी का जाप करते रहना चाहिए और इनका गुणगान भी करना चाहिए। जो इंसान भगवान कृष्ण का गुणगान करता है और राधा रानी जी का गुणगान करता है, उस व्यक्ति पर भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी जी की कृपा बनी रहती है। श्री शयाम शयाम भक्त मंडल के द्वारा क्षेत्र के समाजसेवी दौलत सिंह फौजदार सहित अन्य लोगों का फूल माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उच्चैन सहित भरतपुर, बयाना, सेवर, खरेरा, नगला वीजा, पिचुना, अंधियारी, पिंगोरा, मामटोली, नदबई आदि स्थानों के लोग भाग ले रहे हैं।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बनायी गई सड़कों की गुणवत्ता ख़राब होने पर जाँच करने वालों पर कार्यवाही के साथ-साथ ठेकेदारों को भी करो ब्लैकलिस्ट: झाबर सिंह खर्रा

## चमकता राजस्थान उठाता रहा है सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के कार्यों की गुणवत्ता पर भी सवाल !

चमकता राजस्थान

झाबर सिंह खर्रा, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), नगरीय विकास, आवासन एवं स्वायत्त शासन विभाग ने राजस्थान में मानसून की भारी बारिश के बाद क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करवाने हेतु रविवार को सचिवालय में आयोजित बैठक में आमजन से जुड़े इस महत्वपूर्ण मुद्दे के विभिन्न लम्बित प्रकरणों की समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में सभी सम्बंधित वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक में पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ़ द्वारा सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा बनायी गई सड़कों की बदहाली को लेकर शिकायत के बाद मंत्री झाबर सिंह खर्रा सार्वजनिक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली से बेहद असंतुष्ट नज़र आए उन्होंने गुणवत्ता जाँच मैं लग रहे अधिकारियों से लेकर विभाग में काम कर रहे ठेकेदारों तक पर कार्रवाई करने के निर्देश दे डाले !





इस अवसर पर झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि प्रदेश में इस बार मानसून जमकर बरसा है। इस दौरान कई जगह सड़कों के खराब होने की समस्या भी सामने आई है। इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जाने के साथ ही निष्ठापूर्ण मंतव्य से सभी क्षतिग्रस्त सड़कों एवं सीवरेज लाइनों की त्वरित मरम्मत पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए। श्री खर्रा ने सभी सम्बंधित विभागों की तैयारियों की समीक्षा और अधिकारियों को दिशा-निर्देश देने के साथ ही सभी से सुझाव भी लिए। झाबर सिंह खर्रा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सड़कों की गुणवत्ता जांचने हेतु कई अभियंताओं को ज़िम्मेदारी सौंपी गई थी जिनके द्वारा इस कार्य को गंभीरतापूर्ण नहीं लिया जा रहा है। ऐसे सभी गुणवत्ता जाँचने वाले अधिकारियों की भूमिका जाँच उन पर एक्शन लिया जावे ।साथ ही गारंटी पीरियड में जो सड़कें ख़राब हो गई है उन का काम करने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के भी उन्होने निर्देश दिए !

खर्रा ने कहा कि आमजन द्वा-रा दिए जा रहे टैक्स के पैसों का व्यर्थ उपयोग न कर के उसे उन्ही के हित में सही और बेहतर तरीके से इस्तेमाल किया जावे !

### ● 'बजट घोषणाएं गारंटी पीरियड में पूरी की जाए'

खर्रा ने कहा कि बजट घोषणाओं वाले गारंटी पीरियड कार्यों को समय पर पूरा किया जाए। इसे तय करना विभाग की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ढहऊ ढलएऊ ऊर्जा स्वायत्त शासन विभाग और जेडीए आपस में सामंजस्य बनाकर काम करें। ताकि आमजन की हितार्थ योजनाओं को जल्द से जल्द और गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ धरातल पर उतरा जा सके। इस बैठक में वैभव गालरिया, प्रमुख शासन सचिव, नगरिय विकास विभाग, राजेश यादव, प्रमुख शासन सचिव, स्वायत्त शासन विभाग, आनंदी, आयुक्त, जयपुर विकास प्राधिकरण, डा रश्मि शर्मा, आयुक्त,अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी व पीएचडी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

चमकता राजस्थान समाचार पत्र सार्वजनिक निर्माण विभाग वृत्त शहर जयपुर के कार्यों की गुणवत्ता को लेकर पहले भी समाचार प्रकाशित कर चुका है अब पूर्व मंत्री कालीचरण सर्राफ़ ने सड़कों का मुद्दा उठा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा दिया है !

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी प्रदेश अग्रवाल जयंती महोत्सव कार्यक्रम में हुई शामिल



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी विद्याधर नगर में प्रदेश अग्रवाल महासभा राजस्थान द्वारा आयोजित 'अग्रवाल जयंती महोत्सव एवं शपथ ग्रहण समारोह' में शामिल हुई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज की एकता और योगदान को समर्पित इस आयोजन ने समाज के प्रति जिम्मेदारियों को और अधिक मजबूत किया।

कार्यक्रम में नगरीय विकास मंत्री, झाबर सिंह खर्रा,सीताराम अग्रवाल, मुख्य संस्थापक प्रकाश चंद गुप्ता,प्रदेशाध्यक्ष विनोद गोयल,प्रदेश महामंत्री मक्खन लाल काण्डा, प्रदेश कोषाध्यक्ष दिलीप अग्रवाल,महिला अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा नारनोली, मोहन अग्रवाल,समस्त अग्रवाल समाज, नवनियुक्त पदाधिकारी गण एवं कई प्रमुख गणमान्य उपस्थित रहे।

कॉन्स्टेबल भर्ती-2023

### अभ्यर्थियों की दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर तक, प्रवेश पत्र सोमवार से ऑनलाइन डाउनलोड करें

**चमकता राजस्थान। जयपुर! (खलील कुरेशी) 15 सितम्बर।** पुलिस मुख्यालय की ओर से कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 के तहत विज्ञापित 3578 पदों के लिए आयोजित की गई कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) में सफल रहे कांस्टेबल सामान्य के अतिरिक्त अन्य आवेदकों की दक्षता परीक्षा 23 से 25 सितंबर 2024 तक रेंज मुख्यालय स्तर पर आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रवेश पत्र सोमवार से डाउनलोड किये जा सकते हैंअतिरिक्त महानिदेशक पुलिस (भर्ती एवं पदोन्नति बोर्ड) राजस्थान सचिन मित्तल ने बताया कि कॉन्स्टेबल भर्ती-2023 के लिये 13 व 14 जून, 2024 को कम्प्यूटर आधारित परीक्षा (उइळ) आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में सफल रहे कॉन्स्टेबल चालक, घुडसवार, श्वानदल पद के अभ्यर्थियों एवं कॉन्स्टेबल बैण्ड पद के आवेदकों की दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) 23-25 सितम्बर तक, तीन दिन रेंज मुख्यालय स्तर पर आयोजित होगी। एडीजी मित्तल ने बताया कि दक्षता परीक्षा (Proficiency Test) के लिये अभ्यर्थियों के ऑनलाईन प्रवेश पत्र सोमवार 16 सितम्बर से विभाग की वैबसाईट www.police.rajasthan.gov.in एवं https:recruitment2.rajasthan.gov.in तथा अपनी एसएसओ आईडी से लॉगिन कर डाउनलोड कर सकते हैं। डाक से कोई भी प्रवेश पत्र नहीं भेजा जाएगा।

### कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष ने की राज्यपाल से मुलाकात



**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 15 सितम्बर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से रविवार को राजभवन में कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर ने मुलाकात की।राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान राज्यपाल से उन्होंने विभिन्न संवैधानिक मुद्दों पर संवाद किया।

# पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेंन्द्र सागर के निर्देशन एवं थानाधिकारी आदर्श नगर के कुशल नेतृत्व में जयपुर पुलिस ने अपहरण की वारदात का किया खुलासा

## पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए दिन दहाडे मारपीट कर फिरौती के लिये अपहरण करने वाली वारदात का किया पटाक्षेप

### दिनांक 11-9-24 को राजापार्क ए. सी. मार्केट के पास से एक व्यक्ति से मारपीट कर उसके साथी नाबालिग लडके का अपहरण करने वाले आरोपीगण को किया बापर्दा गिरफ्तार

चमकता राजस्थान

**जयपुर (खलील कुरैशी)** पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व कावेन्द्र सागर आई.पी.एस. ने बताया कि दिनांक 11-9-24 को पुलिस थाना आदर्श नगर, जयपुर पूर्व पर राजापार्क से मारपीट कर एवं लडके का अपहरण कर लिये जाने की सूचना मिलने पर थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर को उक्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर अपने को सकुशल दस्तयाब करने हेतु निर्देशित किया गया, थानाधिकारी व उनकी टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए अपहर्त लड़के की तलाश की गई, तथा आरोपीगण का पीछा किया गया, तो आरोपीगण ने पकड़े जाने के डर से अपहर्त लड़के को कुछ ही समय मे सकुशल छोड दिया, जिसे पुलिस टीम द्वारा दस्तयाब किया गया तथा इस संबंध में अपहर्त लड़के के परिजनों द्वारा रिपोर्ट पेश करने पर प्रकरण संख्या 287/24 धारा 140 (2),142 बीएनएस मे दर्ज किया गया। दिन दहाडे राजापार्क जैसे पोश व्यवसायिक क्षेत्र में घटित हुई इस तरह की घटना की गम्भीरता को देखते हुए थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर जयपुर को उक्त वारदात को अन्जाम देने वाले आरोपीगण की शीघ्र पतारसी कर उनकी गिरफ्तारी के निर्देश दिये गये।उक्त निर्देश की पालना में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व आशाराम चौधरी आर.पी.एस सहायक पुलिस आयुक्त आदर्श नगर जयपुर पूर्व



### कुल चार आरोपी गिरफ्तार व एक बाल अपचारी को किया निरुद्ध

सुश्री लक्ष्मी सुथार आर. पी.एस के सुपरविजन मे थानाधिकारी पुलिस थाना आदर्श नगर सुभाष चंद पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस थाना आदर्श नगर पर एक विशेष पुलिस टीम का गठन किया गया।चूंकि घटना को अन्जाम देने वाले आरोपीगण अन्जान थे, और ना ही अपहर्त लडका व उसका साथी उनका नाम पता जानते थे, एसी परिस्थिति मे आरोपीगण की पहचान करना पुलिस टीम के लिये बडी चुनौती थी, परन्तु उक्त चुनौती को स्वीकारते हुए गठित पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल व आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग तथा अपहर्त । दस्तयाब शुदा बालक के बताये गये मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकार्डिंग देख कर तथा जहां पर अपहर्त लडके को ले जाया गया उस स्थान के आस पास से जानकारी जुटाकर प्रकरण की घटना कोअन्जाम देने वाले आरोपीगण की पहचान की जाकर तलाश की गई। दौराने तलाश कल दिनांक 14-9-24 को चार आरोपीगण को उनके छुपने के स्थान से दस्तयाब किया गया एंव गहन अनुसंधान किया गया तथा प्रकरण की घटना कारित करने में शरीक होना पाये जाने पर बापर्दा गिरफ्तार किया एंव एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया गया।गिरफ्तार शुदा आरोपीगण से अनुसंधान जारी है व अन्य वाछित आरोपीगण की तलाश जारी है।

### अपहरण करने कारण

प्रकरण में अपहर्त नाबालिग लडका व उसका साथी राजापार्क में एक खाने पीने की दुकान पर अक्सर आते थे, तथा वहां पर मोबाईल फोन से आनलाइन काम धन्धा करते थे, वहीं पर आरोपीगण भी चाय व सिगरेट आदि पीने आते थे, आरोपीगण ने अपहर्त नाबालिग लडका व उसका साथी का इस तरह मोबाईल फोन पर आनलाइन काम धन्धा करते देख कर उनके द्वारा काफी रुपया कमाने का आईडिया लगाकर उनका अपहर्ण कर रुपये एंठने की मन्शा से मारपीट कर अपहर्ण किया गया, वक्त घटना नाबालिग लड़के का साथी मौका पाकर छुड़ाकर भाग कर किसी अन्य मकान में छुप गया, जिससे उसका अपहरण होने से बच गया।

### नाम पता गिरफ्तार शुदा आरोपीगण:-

1. दिलशाद उर्फ डी. के. पुत्र बादशाह उम्र 22 साल जाति मुसलमान निवासी कब्रिस्तान के सामने भूरिया की प्याउ, थाना आदर्श नगर, जयपुर।2. फाईन अहमद पुत्र अब्दुल रसीद उम्र 23 साल निवासी मकान नम्बर ए-1, नियर ग्रीन अपार्टमेन्ट, जनता कोलोनी, आदर्श नगर, जयपुर। 3. फैजान पुत्र जावेद उम्र 22 साल निवासी कब्रिस्तान के सामने भूरिया की प्याउ, थाना आदर्श नगर, जयपुर
4. सोहेल कुरैशी उर्फ सोनु पुत्र कमरुद्दीन उम्र 29 साल निवासी म.न. बी-105, मौहम्मद नगर बी, खाँहनागरियान, जयपुर ।

### गठित पुलिस टीम थाना आदर्श नगर:-

(1) सुभाष चन्द पुलिस निरीक्षक थानाधिकारी थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(2) शीला उप निरीक्षक थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(3) रामनिवास हैड कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(4) सतपाल हैड कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(5) दिनेश यादव कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(6) धर्मेन्द्र कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(7) मनोहर कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(8) राकेश कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(9) अक्षय दुलारा कानि थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(10) लल्लूराम कानि चालक थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।(11) दिनेश कुमार कानि चालक थाना आदर्श नगर जयपुर पूर्व।

नोट:-उक्त प्रकरण में आरोपीगण व बाल अपचारी की पहचान व उनकी गिर./निररूद्गीकरण में हैड कानि रामनिवास, कानि धर्मेन्द्र यादव व कानि मनोहर लाल की विशेष भूमिका रही।

# ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) पर्व पर सोमवार को इस तरह सुलभ एवं सुव्यवस्थित रहेगा यातायात प्रबन्ध

**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** राजधानी जयपुर में सोमवार को ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का त्यौहार मनाया जाएगा। ईद मिलादुन्नबी (बारावफात) का जुलूस दोपहर बाद दो बजे से चार दरवाजा मौलाना जियाउद्दीन चौराहा से रवाना होकर सुभाष चौक, जोरावर सिंह गेट, रामगढ़ मोड़ चौराहा होता हुआ कर्बला पहुंचकर सभा में परिवर्तित हो जाएगा। इस जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था निम्नानुसार रहेगी। यातायात पुलिस के अनुसार जुलूस के रवाना होने से पूर्व सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड से चार दरवाजा की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार सुभाष चौक एवं रामगंज चौपड से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व बड़ी चौपड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को बड़ी चौपड़ से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। जुलूस के सुभाष चौक पहुंचने से पूर्व रामगढ़ मोड़ से सुभाष की तरफ जाने वाले सामान्य यातायात को रामगढ़ मोड़ से डायवर्ट कर समानान्तर मार्गों से संचालित किया जायेगा। धोबी घाट से रामगढ़ मोड़ की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को धोबी घाट से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। आमेर से आमेर घाटी होकर जल महल की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर से आमेर तिराहा दिल्ली रोड की तरफ डायवर्ट कर संचालित किया जायेगा। आमेर तिराहा दिल्ली रोड से आमेर की तरफ आने वाले सामान्य यातायात को आवश्यकतानुसार आमेर तिराहा दिल्ली रोड से डायवर्ट कर दिल्ली रोड पर संचालित किया जायेगा। हवामहल बाजार, सुभाष चौक से रामगढ मोड़, माउन्ट रोड, रामगंज बाजार, घाटगेट बाजार, रामगंज चौपड़ से चार दरवाजा, चार दरवाजा से सुभाष चौक तक सभी प्रकार के वाहनों की पार्किंग निषेद्य रहेगी। आमेर से सांगानेरी गेट तथा रामगंज चौपड़ से चांदपोल के बीच चलने वाली मिनी बसें, सिटी बसें एम, आई, रोड़, अशोका मार्ग, घाटगेट, ट्रांसपोर्ट नगर, गलता गेट, धोबी घाट से आवागमन रहेगा।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर में आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों के लिए आयोजित 6 दिवसीय सी एम ई का हुआ समापन

चमकता राजस्थान

**जयपुर,( खलील कुरैशी .)।** जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, मानद विश्वविद्यालय जयपुर में आयुष मंत्रालय भारत सरकार ओर राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ दिल्ली द्वारा प्रायोजित 9 से 14 सितम्बर तक आयोजित 6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम का समापन हुआ। सीएमइ कार्यक्रम में देशभर से 20 राज्यों से 30 आयुर्वेद चिकित्साधिकारियों ने भाग लिया। देशभर से 12 आयुर्वेद विशेषज्ञों ने व्याख्यान ओर अपने चिकित्सा अनुभव प्रस्तुत कि ए।6 दिवसीय सीएमइ कार्यक्रम में विभिन्न आयुर्वेद चिकित्सा के विशेषज्ञों ने ह्रदय रोग, क्षार सूत्र चिकित्सा, फर्स्ट एड, बालरोग, स्त्री एंड प्रसूति रोग, इम्यूनिटी संबंधित रोगों के आयुर्वेदिक निदान ओर चिकित्सा संबंधित व्याख्यान दिए।समापन समारोह की अध्यक्षता कुलपति प्रो संजीव शर्मा ने की उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को संबोधित करते



हुए कहा चिकित्सा क्षेत्र से जुडे व्यक्ति को अपने ज्ञान को निरंतर अपग्रेड करते रहने का महत्व समझाया ओर 6 दिवसीय सीएम कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोगों के निदान के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति से जुड़े विशेषज्ञों द्वारा साझा किए गए अनुभव, जानकारी को आमजन की सेवा में उपयोग करने का आ''ह्रन किया।चिकित्सा विभागाध्यक्ष प्रो एच एम एल मीना ने कहा 6 दिवसीय सीएमई कार्यक्रम में देश भर के आयुर्वेद चिकित्सक को इलाज के दौरान आने वाली समस्याओं के समाधान ओर आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति द्वारा विभिन्न रोगों के निदान की जानकारी दी गई। सीएमइ का आयोजन राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के कायचिकित्सा विभाग द्वारा किया गया। समापन कार्यक्रम में विशेष अतिथि प्रो बी एल मेहरा, प्रो सुश्रुत कनोजिया, चिकित्सक, शिक्षक उपस्थित रहे।

कतर में अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोड शो 17-19 सितंबर के बीच प्रस्तावित

# संयुक्त अरब अमीरात में होने जा रहा है राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का मेगा रोड़ शो

## उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ कर रहे हैं इन अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोड शो में भाग लेने वाले राजस्थान सरकार के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व

### कर्नल राठौड़ के कुशल नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पेट्रोकेमिकल्स, तेल और गैस, रियल एस्टेट, लॉजिस्टिक्स सेक्टर, निवेश फंड के निवेशकों से मुलाकात करेगा

चमकता राजस्थान

जयपुर, (खलील कुरैशी) 15 सितंबर। आगामी 9 से 11 दिसंबर को आयोजित 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 की तैयारियों के मद्देनजर उद्योग और वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल अंतरराष्ट्रीय निवेशकों से मिलने के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और कतर का दौरा 17 से 19 सितंबर के बीच करेगा। उद्योग और वाणिज्य मंत्री के नेतृत्व में यह प्रतिनिधिमंडल दोनों देशों के कई गणमान्य व्यक्तियों और व्यापार जगत के अधिकारियों से मुलाकात करेगा और उन्हें राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित करेगा। इसके अलावा, यह प्रतिनिधिमंडल खाड़ी देशों के निवेशकों को इस साल दिसंबर में जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में शामिल होने के लिए भी आमंत्रित करेगा अपने इस दौरे में, यह प्रतिनिधिमंडल दुबई (यूएई) और दोहा (कतर) में दो अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोडशो में भाग लेगा। इस दौरान कर्नल राठौड़ के नेतृत्व वाला यह प्रतिनिधिमंडल संयुक्त अरब अमीरात और कतर सरकार के गणमान्य व्यक्तियों, सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के कई कंपनियों, इन्वेस्टमेंट फंड और इंडस्ट्री चैम्बर्स केअधिकारियों से मिलेगा। इनमें अबू धाबी नेशनल ऑयल कंपनी (अउ्रढडउ), लुलु इंटरनेशनल, डीपी वर्ल्ड, अबू धाबी इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी (अउ्रक्रअ), अबू धाबी इन्वेस्टमेंट काउंसिल, मुबाडला इन्वेस्टमेंट, अबू धाबी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, कतर इन्वेस्टमेंट अथॉरिटी, कतर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जैसी कई कंपनियां और संस्थाएं शामिल हैं।उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री के अलावा संयुक्त अरब अमीरात और कतर की यात्रा पर जाने वाले राजस्थान सरकार के इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल में सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. जोगा राम, माननीय मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव श्री सिद्धार्थ सिहाग, ब्यू-रो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन के एडिशनल कमिश्नर सौरभ स्वामी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं।इससे पहले माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार के एक अन्य उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने पिछले हफ्ते दक्षिण कोरिया और जापान में इन्वेस्टर्स रोड शो की एक श्रृंखला में भाग लिया था। इस दौरान इन दोनों पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के कई निवेशकों को प्रदेश में निवेश के लिए आमंत्रित किया गया। माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व वाले इस प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कई जापानी और कोरियाई कंपनियों ने राजस्थान में अपनी कंपनियों की नयी ईकाई खोलने या प्रदेश में मौजूद अपनी ईकाईयों के विस्तार करने की इच्छा जतायी थी।ये इन्वेस्टर्स रोडशो 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के अंतरराष्ट्रीय आउटरीच कार्यक्रम का हिस्सा हैं, जिसके तहत निवेशकों और व्यापारिक समूहों को प्रदेश में व्यापार हेतु आमंत्रित किया जा रहा है और इसके लिए राजस्थान सरकार का विभिन्न प्रतिनिधिमंडल कई प्रमुख घरेलू और अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक केंद्रों का दौरा कर रहा है या आने वाले समय में दौरा करेगा।

### 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024

» 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का आयोजन इस साल 9, 10 और 11 दिसंबर को राजधानी जयपुर में होगा। इसका आयोजन राजस्थान सरकार के तत्वाधान में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टमेंट प्रोमोशन (बीआईपी) और राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एंड इन्वेस्टमेंट कॉरपोरेशन (रीको) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसका नोडल विभाग बीआईपी है।इस त्रि–दिवसीय मेगा समिट का उद्देश्य देश–विदेश की बड़ी–छोटी कंपनियों, अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और निवेशकों को राज्य में आ कर काम करने के लिए आमंत्रित करना, प्रदेश में विभिन्न तरह के उद्योग–धंधे लगाने में मदद करना और अन्य सुविधाएँ मुहैय्या कराना है। इस ग्लोबल समिट के दौरान कृषि, अक्षय ऊर्जा, शिक्षा और कौशल, ऑटो और ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल्स), इंफ्रास्ट्रक्चर, केमिकल और पेट्रो–केमिकल, पर्यटन, स्टार्टअप, खनन और ईएसडीएम/आईटी और आईटीईएस (एरउ्ट/क्ळ ल क्ळीर) सहित विभिन्न क्षेत्रों पर विशेष सत्र का आयोजन होगा। संयुक्त अरब अमीरात और कतर में होने वाले इन दोनों अंतरराष्ट्रीय इन्वेस्टर्स रोडशो का आयोजन फेडरेशन ऑफ इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) के सहयोग से किया जा रहा है, जो 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 का समिट पार्टनर है। इसके अलावा पीडब्ल्यूसी (ढ63) इंडिया इस इन्वेस्टमेंट समिट का नॉलेज पार्टनर है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'बाबा साहब के पदचिन्ह राष्ट्र के आदर्श और प्रेरणा पुंज' :- विधायक गोपाल शर्मा




**चमकता राजस्थान।** जयपुर (खलील कुरैशी) डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद, जयपुर के तत्वावधान में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होकर मेधावी छात्रों और अन्य प्रतिभाशाली व्यक्तित्वों को सम्मानित किया।
यह अत्यंत प्रसन्नता का विषय है कि बाबा साहब डॉ. अंबेडकर के विचारों से युवाओं को जोड़े रखने में हमारे साथी निरंतर कार्यरत हैं। इस प्रकार के आयोजन प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने और समाज को सकारात्मक दिशा देने में अहम भूमिका निभाते हैं।इस दौरान दुर्गापुरा स्थित कृषि अनुसंधान केंद्र के सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में निवाई विधायक रामसहाय वर्मा , डॉ. अंबेडकर उत्थान परिषद सुरेंद्र जलुथुरिया, युवा प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष भानू खोरवाल रणजीत आलोरिया, मनोज उदेनिया सहित अन्य प्रतिष्ठित व्यक्तित्व उपस्थित

# जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल स्वयं खेत में पहुंचकर, ई-गिरदावरी प्रक्रिया को समझा

## खसरे और नक्शे से किया मिलान, अधिकारियों को दिए मॉनिटरिंग के निर्देश

चमकता राजस्थान

कोटपूतली- बहरोड(धर्मेंद्र बंसल)
14 सितंबर। कलेक्टर कल्पना अग्रवाल स्वयं खेतों में पहुंची और ई-गिरदावरी की प्रक्रिया को समझा। बता दें कि किसान अब ऑनलाइन ऐप के जरिए खुद ई-गिरदावरी कर सकते हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को इसके बारे में प्रशासन जानकारी दे और जागरूक करे। कलेक्टर अग्रवाल नीमराना उपखंड इलाके के खेतों में पहुंचीं। उन्होंने राज किसान गिरदावरी के माध्यम से हो रही ई-गिरदावरी का निरीक्षण किया। संबंधित विभागीय अधिकारियों को ई-गिरदावरी की मॉनिटरिंग करने और प्राथमिकता से कर पूरा करवाने के निर्देश दिए। नीमराना में माढंण तहसील के गांव में किसानों के खेतों में पहुंचीं थीं। वहां ई-गिरदावरी प्रक्रिया को विस्तार से जाना। ई-गिरदावरी की खसरे एवं नक्शे से मिलान कर जांच की।जिला कलक्टर ने खेतों में फसल और खसरावार एंट्री की जानकारी ली और निर्देश दिए और कहा कि न्यूनतम रूप से 5 फीसदी गिरदावरी कार्य किसानों के माध्यम से ई- गिरदावरी से करवाया जाना है। उन्होंने ई-गिरदावरी की प्रक्रिया का बड़े स्तर पर प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।जिला कलक्टर ने



उपखंड अधिकारी पंकज बडगूजर, तहसीलदार एवं अन्य विभागीय अधिकारियों से ई-गिरदावरी के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि फसल खरीफ संवत 2081 (वर्ष 2024) के तहत डिजीटल क्रॉप सर्वे (ई- गिरदावरी) के तहत ऑनलाईन गिरदावरी कार्य राज खसरा गिरदावरी एप के माध्यम से की जा रही है।कलक्टर ने विभिन्न मीटिंगों के माध्यम से कोटपूतली-बहरोड़ जिले के राजस्व विभाग के अधिकारियों एवं कार्मिकों को गिरदावरी का कार्य सतर्कता एवं पारदर्शिता के साथ संपादित करवाने के निर्देश दिए तथा कहा कि गिरदावरी कार्य के लिए इसके बारे में ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायत को सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि गिरदावरी संबंधित कार्य निर्धारित समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने गिरदावरी में दर्ज रकबा का मैदानी एवं रैंडम सत्यापन पटवारी, राजस्व निरीक्षक, कृषि विकास अधिकारी, नायब तहसीलदार, तहसीलदार के माध्यम से करवाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि बजट घोषणा वर्ष 2024-25 के अनुसार अधिकाधिक खसरों पर स्वयं किसानों के माध्यम से गिरदावरी करवाई जानी है। इसलिए किसानों को स्वयं भी अपने खेत में ऑनलाइन एप के माध्यम से गिरदावरी करने के लिए प्रेरित करें। राजस्व विभाग ने इसके लिए राज किसान एप शुरू किया है। किसानों को स्वयं गिरदावरी करने के लिए यह एप डाउनलोड करना होगा। किसान स्तर से की गई गिरदावरी के बाद शेष खसरों की गिरदावरी के लिए संबंधित पटवारी को वरीयता दी जाएगी। जिला कलक्टर ने पटवारियों की ओर से गिरदावरी किए जाने की प्रतिदिन मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पटवारी गिरदावरी किए जाने की सूचना सभी किसानों को दें, ताकि कोई भी पात्र किसान फसल खराबे के मुआवजे से वंचित नहीं रहे।

### किसान एप से ऐसे कर सकते हैं ई-गिरदावरी

● **बेहद आसान है ई-गिरदावरी की प्रक्रिया**

जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने बताया कि ई-गिरदावरी की प्रक्रिया बेहद आसान है इसके लिए सबसे पहले काश्तकार अपने मोबाइल में गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से राज किसान गिरदावरी एप डाउनलोड कर अपने जन आधार से लॉगिन करें। आधार से जुड़े मोबाइल नम्बर पर ओटीपी प्राप्त होगा। इससे वेरिफाइड होने के बाद एप लॉगिन हो जाएगा। उसके बाद फसल विवरण जोड़ें पर क्लिक करना है। फिर ऊपर की साइड में जनाधार से जुड़े खसरे का ऑप्शन आएगा एवं दूसरी साइड में खसरा सर्च करें का ऑप्शन रहेगा। इन दोनों ऑप्शन में से खसरा सर्च कर क्लिक करने पर सिम्पल पेज खुलेगा। उसमें काश्तकार को अपना जिला, तहसील एवं गांव सलेक्ट करते हुए आगे बढ़ना होगा। इसके पश्चात अपने खेत का खसरा अंकित करते हुए कैलिब्रेट करें पर क्लिक करना होगा। कैलिब्रेट करने के बाद गिरदावरी सीजन एवं फसल सलेक्ट करते हुए खसरे का एरिया हैक्टेयर में अंकित करना होगा। उसके बाद फसल सिंचित है या असिंचित एवं सिंचाई का स्त्रोत तथा फलदार पेड़ है तो उनकी संख्या आदि अंकित करते हुए खेत-खसरे में जो फसल बो रखी है, उसकी साफ-सुथरी फोटो अपलोड करनी होगी। इस प्रक्रिया के बाद प्रिंट प्रिव्यू का ऑप्शन दिखेगा, वहां क्लिक करने के बाद सबमिट का ऑप्शन रहेगा। सबमिट के ऑप्शन पर क्लिक करने पर काश्तकार की ओर से की गई गिरदावरी सबमिट होते हुए पंजीकरण संख्या प्राप्त हो जाएगी। गिरदावरी प्रक्रिया संबंधित खसरों (खेत) में खड़े रहकर ही पूर्ण करनी होगी।

# बचपन का स्वप्न भारतीय सेना में भर्ती होने पर साकार हुआ

चमकता राजस्थान

**कोटपूतली बहरोड (धर्मेंद्र बंसल)।** मां भारती की सेवा करना, वह भी भारतीय सेना में भर्ती होकर अपने आप को गर्व करने के समान है । यहां के निकटवर्ती ग्राम सांगटेडा में राहुल चौधरी पुत्र जयप्रकाश जाट का इंडियन आर्मी में लेफ्टिनेंट ऑफिसर पद पर चयनित होने पर समाजसेवी रतनलाल शर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो लोग उनके घर जाकर राजस्थानी परंपरा के तहत पगड़ी, माला, मिठाई खिलाकर और सुंदरकांड की किताब देकर सम्मानित किया। चौधरी के इंडियन आर्मी में सिलेक्शन पर पूरे गांव में खुशी की लहर दौड़ गई । इस अवसर पर राहुल चौधरी ने कहा कि मेरा बचपन से ही भारतीय सेना में सेवा देने का स्वप्न था, जो मेरा सपना आज पूरा हो गया । चौधरी ने बताया कि मैं अपने कर्तव्य पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा, जिससे गांव व क्षेत्र का नाम रोशन हो सके। समाजसेवी शर्मा पिछले कई वर्षों से गांव में सरकारी नौकरी पाने वालों का उनके घर पर जाकर सम्मान करके आते हैं, जिससे युवाओं में आपस में पढ़ाई के प्रति रुझान बड़े और वो एक दूसरे से प्रेरणा लेकर अपने कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ते रहे। राहुल चौधरी पुत्र श्री जयप्रकाश जाट एक किसान है और राहुल के पिता जय प्रकाश बताते हैं कि बेटा जब भी घर पर रहता है, अपने आप खेतों में जाकर के काम करने लग जाता है । इस अवसर पर राहुल के दादा साधुराम जी जागीरदार , दादी संतरा देवी, फूफा कुलबीर जी एसआई दिल्ली पुलिस, बुआ नमिता देवी, राजाराम जांगिड़, सौरभ चतुर्वेदी, जसवीर चौधरी, कमल चौधरी, छैलू राम, कुलदीप, किशन लाल सुबेदार, संदीप, सर्वेश देवी, कमलेश देवी, रोशन देवी शाहिद अनेकों लोग उपस्थित रहे।



## संक्षिप्त खबरें

### कचरों से बनाई आकर्षक कलाकृति



**धमतरी।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान के दूसरे दिवस रविवार को स्वच्छता की जान भागीदारी थीम अंतर्गत वेस्ट टू-बेस्ट प्रदर्शनी का आयोजन कार्यालय नगर पालिक निगम धमतरी के सभाकक्ष में किया गया। धमतरी निकाय अंतर्गत प्रतिदिवस स्वच्छता दीदीयों द्वारा घर-घर कचरा संग्रहण से प्राप्त होने वाले सूखे कचरे से घरेलू सजावटी सामग्रियों का निर्माण किया जा रहा है। जिसे शहर के आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों के प्रदर्शनी के लिए सभा कक्ष मे समय 10 बजे से प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य ट्रिपल आर थीम के तहत आम नागरिकों को कचरे के प्रसंस्करण से घरेलू सजावटी सामग्री का निर्माण और उपयोग करना बताया जा रहा है।

### सड़क हादसे में मां-बेटे की मौत

**सोनभद्र।** जिले के करमा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह 05 बजे सोनभद्र-मिजार्पुर मार्ग पर मार्निंग वाक के लिए निकले मां और बेटे की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सुत्रों के अनुसार करमा थाना क्षेत्र के कुचमरवा गांव निवासी रमाकांत की 36 वर्षीय पत्नी ममता और 12 वर्षीय पुत्र सचिन रविवार सुबह मार्निंग वाक के लिए अपने घर से निकले थे। इस दौरान सोनभद्र-मिजार्पुर मार्ग पर एकाएक एक अज्ञात वाहन उन्हें धक्का मारते हुए फरार हो गया। राहगीरों ने पुलिस को सूचित किया और एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल भिजवाया गया जहां डाक्टर ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

### दो मस्जिदों के स्वामित्व दस्तावेज मांगे

**भीलवाड़ा।** शाहपुरा जिले के जहाजपुर कस्बे में शनिवार को बेवाण पर पथराव की घटना से तनाव का माहौल बन गया। इस घटना के बाद कस्बे में हालात काफी संवेदनशील हो गए हैं। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए रातभर ऑपरेशन चलाकर 15 लोगों को हिरासत में लिया है। पथराव की घटना के बाद कस्बे में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है और पुलिस प्रशासन के अधिकारी लगातार क्षेत्र का दौरा कर स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। शनिवार को राम रेवाड़ी जुलूस के दौरान एक मस्जिद से बेवाण पर पथराव की घटना हुई, जिसके बाद कस्बे में तनाव फैल गया।

### मजदूर की मौत मामले में ठेकेदार गिरफ्तार

**फतेहाबा।** स्वामी नगर में चल रहे बूस्टिंग स्टेशन के निर्माण के दौरान मिट्टी में दबने से एक मजदूर की मौत होने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने रविवार को आरोपित ठेकेदार को गिरफ्तार कर लिया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि पुलिस ने इस बारे 10 जुलाई को वेस्ट बंगाल के रहने वाले मोहम्मद नूर की शिकायत पर ठेकेदार संदीप व पब्लिक हैल्थ फतेहाबाद के एसडीओ सतपाल के खिलाफ केस दर्ज किया था। शिकायतकर्ता के अनुसार उसका भाई दिलफराज जब स्वामी नगर में निमार्णाधीन बूस्टिंग स्टेशन पर काम कर रहा था तो उसके ऊपर मिट्टी गिर गई, जिसमें दबने से दिलफराज की मौत हो गई।

### शादी का झांसा देकर विधवा से दुष्कर्म

**शिमला।** राजधानी शिमला में अपराध कम होते दिखाई नहीं दे रहे हैं और दुष्कर्म की घटनाएं भी लगातार सामने आ रही हैं। शहर में दुष्कर्म का एक और मामला सामने आया है। इस मामले में दो बच्चों की विधवा मां के साथ एक शख्स ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। चौंकाने वाली बात यह है कि जिस शख्स पर दुष्कर्म का आरोप लगा है, वो पीड़िता से चार वर्ष छोटा है। पीड़ित महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी की प्राथमिकी दर्ज की है। मामले के अनुसार पीड़ित महिला और आरोपी हिमाचल प्रदेश के ऊना जिला के मूल निवासी हैं।

### किराये के मकान में रह रही महिला की हत्या

**जींद।** जुलाना स्थित गांव ब्राह्मणवास के पास किराये के मकान में रह रही महिला की हत्या कर दी गई। मृतका की गर्दन पर सिलाई मशीन रखी हुई थी। घटना की सूचना मिलने पर जुलाना थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने घटना को गंभीरता से लेते हुए फोरेंसिक टीम की सहायता से साक्ष्यों को जुटाया। जुलाना थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### युवक के पेट में मारा चाकू, हालत गंभीर

**हरिद्वार।** सप्तऋषि चौकी क्षेत्र में एक युवक को चाकू मार दिए जाने की घटना प्रकाश में आई है। चाकू युवक के पेट में मारा गया, जिस कारण से युवक बुरी तरह घायल हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उसे एम्स ऋषिकेश के लिए रेफर कर दिया है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है। मिली जानकारी के मुताबिक सप्तऋषि चौकी क्षेत्र स्थित आदर्श नगर कॉलोनी में सड़क किनारे एक व्यक्ति को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिए जाने की पुलिस को सूचना मिली।

# हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सरकार की प्राथमिकता : योगी

- किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है
- हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा



**गोरखपुर। एजेंसी**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर प्रवास के दौरान रविवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 300 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने समस्या लेकर आए लोगों को आश्वस्त किया हर व्यक्ति की समस्या का समाधान कराना संवेदनशील सरकार की प्राथमिकता है।

इसलिए किसी को चिंता करने की जरूरत नहीं है। हर समस्या का निराकरण कराया जाएगा। हर शिकायत पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाएगी। जनता दर्शन में लोगों की समस्या सुनने के साथ ही मुख्यमंत्री योगी पास में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित करते रहे कि हर पीड़ित व्यक्ति की समस्या पर संवेदनशीलता से ध्यान दें और उसका समयबद्ध व पारदर्शी निस्तारण कराएं। इसमें किसी तरह की शिथिलता नहीं होनी चाहिए। रविवार सुबह जनता दर्शन का आयोजन गोरखनाथ मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने किया गया। जनता दर्शन में आए लोगों को हमेशा की तरह कुर्सियों पर बैठाया गया था। इन लोगों तक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पहुंचे। एक-एक कर और ध्यान से सबकी समस्याएं सुनीं। उन्हें आश्वस्त किया कि वह सभी की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कराएंगे।

किसी को भी घबराने या परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने लोगों के प्रार्थना पत्रों को उन्होंने अधिकारियों को हस्तगत करते हुए निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और संतुष्टिप्रद होना चाहिए। कुछ लोगों द्वारा जमीन कब्जाने की शिकायत पर उन्होंने कठोर कानूनी कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी की भी जमीन पर कब्जा नहीं होना चाहिए। यदि कोई दबंग या भू माफिया ऐसी हिमाकत कर रहा हो तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई हो। सीएम योगी ने कहा कि अपराध और अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति ही मानक होनी चाहिए। जनता दर्शन में हर बार की तरह कुछ लोग इलाज में आर्थिक मदद की गुहार लेकर पहुंचे थे। मुख्यमंत्री ने उनसे कहा कि इलाज में धन की कमी बाधक नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इलाज में अस्पताल के इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द पूर्ण कराकर शासन में भेजें। मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से इलाज के लिए पर्याप्त राशि दी जाएगी।

## मप्र सरकार भी सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित : डॉ. मोहन

**भोपाल। एजेंसी**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बाबा महाकाल की नगरी अवंतिका अनंत है। यह नगरी हर काल और हर युग में अपने गुणों, कीर्ति और प्रसिद्धि से सदैव अलंकृत होती आ रही है। भारत विश?व का सबसे बड़ा और गौरवशाली लोकतंत्र है, जिसके तीन आधार स्तंभों में न्यायपालिका प्रमुख है, जो महाराजा विक्रमादित्य की न्यायप्रियता के समान हमारी ताकत को कई गुना बढ़ाती है। महाराजा विक्रमादित्य की न्याय और समानता से प्रेरित मध्यप्रदेश सरकार सभी वर्गों के कल्याण के लिए कृत संकल्पित है। यह बात मुख्यमंत्री ने रविवार को उज्जैन के रामानुज कोट आश्रम में आयोजित समतामूर्ति अलंकरण समारोह में कही।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश जेके महेश्वरी को रामानुज कोट के धमार्चार्य संत स्वामी गादी महाराज द्वारा समतामूर्ति अलंकरण से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आश्रम के पीठाधीश्वर स्वामी रंगनाथाचार्य महाराज सहित अन्य संत आचार्य उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म ने नर में ही नारायण को पूजना सिखाया है और ₹नर सेवा को ही नारायण सेवा₹ माना है।

हमारी संस्कृति दीन-दुखियों की सेवा को भगवान की सेवा बताती है। मानव कल्याण हमारी नैतिक शिक्षा, संस्कार का हिस्सा है। प्रकृति और प्रवृत्ति दोनों में परमात्मा ही बसते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि 12 वर्षों में आयोजित होने वाले सिंहस्थ की छटा निराली होती है। समारोह में उपस्थित देवतुल्य धमार्चार्य के दर्शन लाभ से परमात्मा के दर्शन की अनुभूति हो रही हैं।

## नेपाल के प्रधानमंत्री ओली का हार्वर्ड और कोलंबिया यूनिवर्सिटी में विशेष संबोधन



**काठमांडू। एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की 79वीं महासभा में भाग लेने के लिए अमेरिका जा रहे प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली का न्यूयॉर्क में कोलंबिया विश्वविद्यालय और बोस्टन में हार्वर्ड विश्वविद्यालय में विशेष संबोधन होगा।

यह पहला मौका होगा जब नेपाल के किसी प्रधानमंत्री द्वारा अमेरिका के इन प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय में संबोधन होने जा रहा है। न्यूयॉर्क में नेपाल के स्थाई प्रतिनिधि लोक बहादुर थापा ने बताया कि दोनों विश्वविद्यालयों में प्रधानमंत्री ओली के संबोधन के लिए समन्वय का काम पूरा कर लिया गया है। थापा के मुताबिक प्रधानमंत्री ओली द्वारा कोलंबिया विश्वविद्यालय में 23 सितंबर को और हार्वर्ड में 27 सितंबर को संबोधित करने का कार्यक्रम तय हो गया है। प्रधानमंत्री ओली 10 सितंबर से शुरू हुई संयुक्त राष्ट्र की 79वीं महासभा में शामिल होने के लिए 21 सितंबर को न्यूयॉर्क पहुंचने वाले हैं। उनका 26 सितंबर को संबोधन करने का कार्यक्रम है।

## पूर्व सीएम हरीश रावत का मोदी सरकार पर तीखा हमला, चार बड़े झूठ गिनाए

**हरिद्वार। एजेंसी**



उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हल्ला बोला। उन्होंने प्रधानमन्त्री मोदी पर झूठ बोलने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके चार बड़े झूठ सामने आ चुके हैं। प्रेस क्लब सभागार में पत्रकार-वार्ता के दौरान हरीश रावत ने कहा कि मोदी सरकार का यह तीसरा कार्यकाल है, लेकिन पिछले दस वर्षों में गरीबी और बेरोजगारी में इजाफा हुआ है। समाज का हर वर्ग विशेषकर महिलाएं कमजोर हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मीडिया और पुलिस तंत्र भी कमजोर हो गया है, और प्रधानमंत्री में आत्मविश्वास की कमी है, जिसका असर बांग्लादेश समेत अन्य देशों पर भी पड़ा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी सरकार की विफलताओं को सुधारने की बजाय सत्ता का दुरुपयोग कर विपक्ष की आवाज को दबा रहे हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि प्रधानमन्त्री सहित पूरी भाजपा को राहुल फोबिया हो गया है, और हर जगह राहुल गांधी के खिलाफ बयानबाजी की जा रही है। यहां तक कि चीन को लेकर राहुल गांधी पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।


उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के चार प्रमुख झूठों को उजागर किया। पहला, चीन को लेकर, जिसमें राहुल गांधी की चीन की तारीफ का झूठ फैलाया गया। जबकि सच यह है कि राहुल ने चीन की अर्थव्यवस्था से सीखने की बात की थी, न कि उसकी प्रशंसा की थी। दूसरा झूठ अर्थव्यवस्था को लेकर है, तीसरा महिला सशक्तीकरण को लेकर, जबकि हकीकत में महिलाएं खुद को अधिक असुरक्षित महसूस कर रही हैं। चौथा झूठ जाति जनगणना पर है, जिसमें रावत ने कहा कि बाबा भीमराव अम्बेडकर ने समाज में व्याप्त भेदभाव और छुआछूत खत्म होने तक आरक्षण की व्यवस्था जारी रखने की बात कही थी।

### हाथी का आतंक: पांच गौवंशों की मौत

**कोरबा।** कटघोरा वन मंडल के पसान रेंज में एक दंतैल हाथी ने शनिवार रात उत्पात मचाया, जिसमें पांच गौवंशों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। घटना बरबटपारा गांव में हुई, जहां हाथी ने घर के बाहर बंधे गाय और बैलों पर हमला किया। इस घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। वन विभाग का अमला मौके पर पहुंचा और मृत गौवंशों का पोस्टमार्टम कराने के साथ ही घायल बैलों का उपचार कराया। कटघोरा वन मंडल में 48 हाथियों का दल विचरण कर रहा है, जिसमें से एक दंतैल हाथी झूण्ड से अलग हो गया था। वन विभाग के अधिकारियों ने क्षेत्र में हाथियों की निगरानी बढ़ा दी है। इस घटना से प्रभावित ग्रामीणों को वन विभाग द्वारा मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कोरबा वन मंडल के कुदमुरा रेंज में भी दो हाथी सक्रिय हैं, जो कोसाबाड़ी के पास डबरी में अटखेलिया करते दिखाई दिए। हाथी हमले की घटनाएं बढ़ने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वन विभाग को हाथियों की निगरानी और उनके विचरण को नियंत्रित करने के लिए ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है।

## भाजपा अकेली ऐसी पार्टी जिसमें आरक्षण लागू है : भूपेन्द्र चौधरी

**बलिया। एजेंसी**



जनपद में भाजपा की सदस्यता अभियान के लिए रविवार को आए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि हमारी पार्टी लोकतांत्रिक तरीके से काम करती है। विपक्ष संविधान और आरक्षण को लेकर भ्रम फैला रहा है। भाजपा ही अकेली ऐसी पार्टी है, जिसमें आरक्षण की व्यवस्था है। जबकि सपा और कांग्रेस में किसके लिए आरक्षण है यह सब जानते हैं।

भाजपा की सदस्यता दिलाने के बाद सभा को सम्बोधित करते हुए चौधरी ने कहा कि 2014 में भाजपा ने 11 करोड़ सदस्य बनाए थे। जिसमें यूपी में एक करोड़ 85 लाख सदस्य थे। पार्टी नेतृत्व ने निर्णय लिया है कि इस बार भी 11 करोड़ सदस्य बनाएंगे। पार्टी ने तय किया है कि हर बूथ पर दो सौ सदस्य बनाए जाएंगे। आज भाजपा देश भर में मजबूत है। भाजपा सबको साथ लेकर चलने के संकल्प के साथ काम करती है। कांग्रेस ने समाज को लंबे समय तक विभाजित किया। विभाजनकारी राजनीति कांग्रेस को शूट करती है। ये लोग समाज को बांट कर राजनीति करते हैं।

भाजपा देश के 140 करोड़ लोगों की पार्टी है। इस बार लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सीटें कम हुईं, लेकिन देश भर में जनाधार बढ़ा है। देश भर में हमें 70 प्रतिशत परिणाम मिला। बीस प्रतिशत सफलता के बाद भी कांग्रेस का इकोसिस्टम कह रहा है कि मोदी हार गए और कांग्रेस जीत गई। जबकि 2024 में 1952 के बाद तीसरी बड़ी सफलता है। आज से दस साल पहले यूपी की गिनती बीमारू राज्यों में होती थी। अब इसे अग्रणी राज्यों में गिना जाता है। इस अवसर पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी, विधायक केतकी सिंह, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, पूर्व मंत्री नारद राय, पूर्व विधायक रामइकबाल सिंह, सुरेन्द्र सिंह, धनंजय कन्नौजिया, विजय बहादुर दूबे, विनोद शंकर दूबे व धर्मेन्द्र सिंह आदि थे।

### 25 हजार का इनामी नशा तस्कर गिरफ्तार

**हरिद्वार।** पुलिस ने नशे के कारोबार में लिप्त एक 25 हजार के इनामी आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार था और पुलिस की पकड़ से बाहर चल रहा था। आरोपी मनोज कुमार, पुत्र बुधाराम, निवासी ग्राम खुशरुवा, थाना सदरपुर, जिला सीतापुर, उत्तर प्रदेश पर गैंगस्टर एक्ट के तहत मामला दर्ज है। पुलिस ने आरोपित को लखनऊ से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। जिसके बाद उसे जेल भेज दिया गया। सिडकुल थाना क्षेत्र में पुलिस इन दिनों वारंटियों और क्षेत्र के गैंगस्टरों की तलाश में अभियान चला रही है। इस दौरान मनोज कुमार को गिरफ्तार किया गया। इससे पहले पुलिस उसके एक साथी अनितपाल, पुत्र गिरधारी लाल, निवासी ब्रह्मपुरी, महदूद को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है।

## तीन मंजिला मकान गिरने से आठ लोगों की मौत

**मेरठ। एजेंसी**



लोहियानगर थाना क्षेत्र की जाकिर कॉलोनी में शनिवार शाम तीन मंजिला मकान गिरने से 15 लोग दब गए। देर रात तक बचाव अभियान चलाया गया। मलबे में दबने से अभी तक 8 लोगों की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी हादसे का संज्ञान लेते हुए अधिकारियों को बचाव कार्य कराने के निर्देश दिए। जाकिर कॉलोनी में महिला नफो 50 साल पुराने तीन मंजिला मकान में अपने चार बेटों व परिवार के साथ रहती थी। 300 गज में बने इस मकान में 15 लोग रहते थे। मकान में नीचे डेयरी चलती थी। शनिवार देर शाम अचानक तीन मंजिला मकान भरभरा कर गिर गया और घर के सारे लोग मलबे में दब गए। मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड कर्मियों ने बचाव कार्य शुरू कराया। छोटी गली होने के कारण जेसीबी मशीन अंदर नहीं जा पाई को मैनुअली बचाव कार्य करना पड़ा। एडीजी डीके ठाकुर, मंडलायुक्ता सेल्वा कुमारी जे., आईजी नचिकेता झा, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा समेत पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। एसडीआरएफ और एनडीआरएफ टीमों को भी बुलाकर राहत कार्य शुरू कराया गया जो रविवार सुबह तक चला।

**पर्यटक** ऐतिहासिक मॉल रोड व रिज मैदान पर सैलानियों की रही भीड़

# शिमला में पर्यटकों की चहल-पहल बढ़ी

- सरकारी होटलों में ठहरने पर मिल रही 40 फीसदी छूट



**शिमला। एजेंसी**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी व हिल्स स्टेशन शिमला में बारिश का क्रम थमने से सैलानियों की चहल-पहल भी शुरू हो गई है। इस वीक एंड पर शिमला व आसपास के पर्यटन स्थलों में काफी पर्यटक आए। यहां के ऐतिहासिक मॉल रोड व रिज मैदान पर शनिवार से सैलानियों की भीड़ देखी जा रही है। वीक एंड पर एक साथ तीन छुट्टियों से काफी संख्या में सैलानी शिमला की वादियों का रूख कर रहे हैं। सैलानियों के उमड़ने से होटलों में ऑक्यूपेंसी बढ़कर 50 फीसदी पहुंच गई है। वहीं सैलानियों को रिझाने के लिए राज्य सरकार के उपक्रम हिमाचल पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने अपने होटलों में चल रहे मानसून डिस्काउंट को 13 सितंबर से 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। शिमला में बरसात के मौसम में सैलानियों की आमद कम रहने की वजह से होटलों में ऑक्यूपेंसी 20 फीसदी रहती है। ऑफ सीजन के बावजूद वीक एंड पर सैलानियों के जुटने से पर्यटन कारोबारियों के चहरे खिल गए हैं। शिमला में इन दिनों मौसम सुहावना बना हुआ है। रविवार को यहां धुंध छायी हुई है। मौसम विभाग ने अगले चार दिन हल्की वर्षा का अनुमान जताया है। हालांकि किसी तरह का अलर्ट जारी नहीं किया गया है।

पर्यटन कारोबारियों का कहना है कि वर्षा ऋतू के कारण जुलाई और अगस्त के महीनों में नाममात्र सैलानियों का आना हुआ। इससे पर्यटन कारोबार पर काफी प्रतिकूल असर हुआ लेकिन खुशी की बात यह है कि अब मानसून के धीमे पड़ने और अंतिम पढाव पर होने से पर्यटकों का आना शुरू हो गया है। अक्टूबर के पहले हफ्ते मानसून प्रदेश से रुख्सत हो जाता है। शिमला होटलियर एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के उपाध्यक्ष प्रिंस कुकरेजा ने बताया कि इस वीक एंड पर सैलानियों की आमद में बढ़ोतरी हुई है और होटलों में ऑक्यूपेंसी 50 फीसदी तक पहुंच गई है।

उधर एचपीटीडीसी ने अपने होटलों में ऑफ सीजन डिस्काउंट को 30 सितंबर तक बढ़ा दिया है। सैलानियों को रिझाने के लिए एचपीटीडीसी अपने 35 होटलों में बुकिंग पर बीते 15 जुलाई से 20 से 40 फीसदी तक डिस्काउंट दे रहा है। होटल कारोबार को पटरी पर लाने के लिए एचपीटीडीसी ने डिस्काउंट बढ़ाने का फैसला लिया है।

## क्षतिग्रस्त मकानों और फसलों का किया जा रहा है सर्वे : राजेश कुमार

**जालौन। एजेंसी**




जिले में यमुना और पहुज नदी की बाढ़ से 20 गांव बाढ़ की चपेट में हैं। इसकी वजह से लगभग 8470 लोग प्रभावित हैं। प्रशासन ने 20 बाढ़ राहत केंद्र स्थापित किए हैं, जहां लोगों को भोजन, पानी, स्वास्थ्य सुविधाएं और अन्य आवश्यक सामग्री प्रदान की जा रही है।

एसडीआरएफ की टीम अपनी चार मोटरबोट के साथ मौजूद है। 65 अतिरिक्त छोटी नावें भी लगाई गई हैं। लोगों को भोजन पैकेट के साथ 1150 बाढ़ राहत सामग्री किट वितरित की जा चुकी हैं। वहीं, जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे और पुलिस अधीक्षक दुर्गेश कुमार के द्वारा लगातार बाढ़ग्रस्त क्षेत्र का भ्रमण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रभावित लोगों से वार्ता की जा रही है। अभी तक कोई जनहानि या पशुहानि नहीं हुई है। लेकिन क्षतिग्रस्त मकानों और फसल का सर्वे कराया जा रहा है, ताकि त्वरित राहत पहुंचाई जा सके। जनपद जालौन का बाढ़ कंट्रोल रूम 24 घंटे क्रियाशील है, और जल स्तर में कमी होने की संभावना है।

# इंडिया ए ने इंडिया डी को 186 रनों से हराया



- इंडिया डी अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बना लिये थे
- इंडिया ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाये थे

**अनंतपुर। एजेंसी**

तनुष कोटियान (चार विकेट) और शम्स मुलानी (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत इंडिया 'ए' ने दलीप ट्रॉफी के तीसरे मैच के चौथे दिन रविवार को इंडिया 'डी' को 186 रनों से हरा दिया है। यहां इंडिया 'डी' ने कल के एक विकेट पर 63 से आगे खेलना शुरू किया, इसी दौरान 30 ओवर में जब टीम का स्कोर 102 रन था यश दुबे (37) दुभाग्यपूर्ण तरीके से रनआउट हो गये।

इसके बाद शम्स मुलानी देवदत्त पड़िक्कल (1) को बोल्ड कर इंडिया 'डी' को तीसरा झटका दिया। कप्तान श्रेयस अय्यर ने रिंकू भुई के साथ मिलकर कुछ देर पारी को सभाला, लेकिन 47वें ओवर में मुलानी ने अय्यर (41) को अपना शिकार बनाकर बड़ी हो रही साझेदारी को तोड़ा। संजू सैमसन (40) भी मुलानी का शिकार बने। सारांश जैन (5) को तनुष कोटियान ने आउट किया। उसके बाद तनुष कोटियान ने रिंकू भुई (113) को आउट कर इंडिया 'डी' की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। सौरभ कुमार (22) और हर्षित राणा (24) रन बनाकर आउट हुये। इंडिया 'ए' के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन का मुजाहिरा करते हुए इंडिया 'डी' की टीम को 82.2 ओवर में 301 के स्कोर पर समेट दिया। इंडिया 'ए' की ओर तनुष कोटियान ने चार विकेट लिये। शम्स मुलानी को तीन विकेट मिले। खलील अहमद और रियान पराग ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया 'ए' ने दलीप ट्राफी मुकाबले के तीसरे दिन शनिवार को तीन विकेट पर 380 रन पर पारी घोषित कर इंडिया 'डी' 488 रनों का लक्ष्य दिया था तीसरे दिन का खेल खत्म होने के समय इंडिया डी अपनी दूसरी पारी में एक विकेट खोकर 63 रन बना लिये थे।

इंडिया ए ने अपनी पहली पारी में 290 रन बनाये थे जिसके जवाब में इंडिया डी पहली पारी में देवीदत्त पड्डिकल के 92 रनो के योगदान के बावजूद 183 रनों पर सिमट गयी थी। इंडिया ने पहली पारी में 107 रनों की बढ़त के बाद प्रथम सिंह (122) और तिलक वर्मा (111 नाबाद) के बीच शतकीय भागीदारी की मदद से इंडिया 'ए' ने तीन विकेट पर 380 का स्कोर खड़ा करने के बाद पारी घोषित कर दी थी। इंडिया 'डी' को 488 रनों का लक्ष्य मिला था।

## ट्रैविस हेड अधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बने




**कार्डिफ। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने इंग्लैंड के खिलाफ हुए दूसरे टी20 में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से एक और रिकार्ड अपने नाम किया है। हेड ने दूसरे टी20 में केवल 14 गेंदों में ही चार चौकों और दो छक्के लगाकर 31 रन बना दिये। इस प्रकार हेड अब एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बना गये हैं। इस प्रकार उन्होंने अपने ही देश के आरोन फिंच को पीछे छोड़ा। इस प्रकार हेड ने के इस साल टी20ई में कुल मिलाकर 33 छक्के हो गये हैं। ये एक कैलेंडर वर्ष के दौरान किसी ऑस्ट्रेलियाई द्वारा लगाये सबसे अधिक छक्के हैं। इससे पहले साल 2018 में ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान फिंच ने 31 छक्के लगाए थे। इस साल हेड ने 15 टी20 में अब तक 38.50 की औसत और 178.47 के स्ट्राइक रेट से 539 रन बनाए हैं, जिसमें 4 अर्धशतक शामिल हैं। हेड हालांकि अपनी आक्रामक पारी के बाद भी अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 6 विकेट पर 193 रन बनाये।

## संक्षिप्त खबरें

### बल्लेबाज शुभमन गिल को टी20 सीरीज के दौरान आराम दिये जाने की संभावना



**मुम्बई।** बल्लेबाज शुभमन गिल को बांग्लादेश के खिलाफ सात अक्टूबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए आराम दिया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत ही शुभमन को ये आराम दिया जा रहा है। शुभमन भारतीय टीम के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज हैं और उनके इस सत्र में सभी 10 टेस्ट खेलने की उम्मीद है। इसी के तहत ही उन्हें तरोताजा और फिट बने रहने के लिए बोर्ड ने आराम देने का फैसला किया। बीसीसीआई की कार्यभार प्रबंधन नीति के तहत ही खिलाड़ियों को तय समय में ब्रेक दिया जाता है।

### गौतम गंभीर ऐसा व्यक्ति नहीं है जो आराम से बैठकर चीजों को चलने दें : अजय जडेजा



**नई दिल्ली।** पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा का मानना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर के मार्गदर्शन में भारतीय टीम बांग्लादेश के खिलाफ आक्रामक रुख अपनायेगी। जडेजा के अनुसार कोच गंभीर का अपना अलग ही तरीका है और उन्हें किसी सुझाव की जरुरत नहीं है। इस पूर्व क्रिकेटर का मानना है कि भारतीय टीम अभी विश्व में शीर्ष स्तर पर है। इसलिए ये सोचना कि बांग्लादेश ने पाक को हराया है, इसलिए हमको भी कड़ी टक्कर देगी कहना सही नहीं होगा। जडेजा के अनुसार 19 सितंबर से शुरू हो रही इस सीरीज का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

### कुलदीप पठानिया ने खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं को किया पुरस्कृत



**चंबा (ककीरा)।** हिमाचल प्रदेश के विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने रविवार को राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा में आयोजित जिला स्तरीय अंडर 14 बाल खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उन्होंने इस दौरान 28 लाख 59 हजार की राशि से नवनिर्मित राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ककीरा के साइंस ब्लॉक का लोकार्पण भी किया।

## सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने रोहित शर्मा की कप्तानी को सराहा



**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेलने जा रही है। पहला मैच 19 सितंबर से चेन्नई में, जबकि दूसरा मैच 27 सितबर से कानपुर में खेला जाएगा। सीरीज की शुरूआत से पहले टीम के युवा खिलाड़ी सरफराज खान एवं ध्रुव जुरेल ने भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की तारीफ की है।

एक इंटरव्यू के दौरान सरफराज ने कहा कि वह (रोहित शर्मा) बहुत अलग हैं, आपको सहज महसूस कराते हैं। हमारे लिए वह बड़े भाई जैसे हैं। उनके साथ खेलना में बहुत मजा आता है। मैंने उन्हें बाहर से पहली बार देखा था और आज मैं उनके साथ खेल रहा हूं। उनके साथ खलते हुए ऐसा नहीं लगता आप जूनियर हैं। वह हर किसी को बराबर समझते हैं। सरफराज ने आगे कहा कि मेरी फेवरेट मूवी लगान है। फिल्म में आमिर खान ने जिस तरह से अपनी टीम को बनाया, वैसे रोहित भाई मुझे उसकी याद दिलाते हैं। मेरे लिए, वे लगान के आमिर खान हैं। उनके साथ परिवार जैसा महसूस होता है। विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल ने रोहित शर्मा की बल्लेबाजी शैली को लेकर उनकी सराहना की। जुरेल ने कहा कि जब टीवी पर उनको खेलते देखते थे, लोग कहते थे कि उनके पास शॉट खेलने के लिए काफी समय होता है, लेकिन जब आप करीब से खेलते देखते हैं तो आपको पता चलता है कि जिस बॉल पर हम संघर्ष करते हैं बल्ला सही से नहीं आता, वो आराम से शॉट मार देते हैं। उनका पुल शॉट काफी प्रसिद्ध है। ऐसी चीजों को करीब से देखना काफी विशेष है। जब भी उनके साथ खेलता हूं, बहुत अच्छा महसूस कराते हैं। वह ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम हैं।

## भारत-बांग्लादेश कानपुर टेस्ट : ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड का नहीं होगा इस्तेमाल



- भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से

**कानपुर। एजेंसी**

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का आगाज 19 सितंबर से होने जा रहा है। पहला मैच चेन्नई में, जबकि दूसरा मैच यहां कानपुर में खेला जाएगा। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 27 सितम्बर से दूसरा टेस्ट मैच होगा। इसकी तैयारियां इन दिनों जोरों पर है, पर लोगों की निगाहें यहां पर बने ऐतिहासिक मैनुअल स्कोरबोर्ड पर है।

अबकी बार इस स्कोर बोर्ड पर खिलाड़ियों के नाम और रन नहीं दिखाई देंगे। ग्रीन पार्क में इससे पहले विश्व क्रिकेट की सभी बड़ी टीमों के मैच का गवाह ग्रीनपार्क स्टेडियम में स्थापित स्कोर बोर्ड रहा है जिसकी प्रशंसा यहां पर खेल चुकी सभी देश की टीमों के कप्तान और उनका प्रबंधन कर चुका है। यही नहीं इस स्कोर बोर्ड की प्रशंसा आईसीसी के पूर्व सीईओ व पूर्व क्रिकेटर डेव रिचर्डसन ने भी की थी। साल 2000 में टेस्ट टीम का दर्जा पायी बांग्लादेश की टीम नगर में पहली बार खेलने आ रही है। कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में आगामी 27 सितम्बर से एक अक्टूबर के बीच भारत और बांग्लादेश की टीम आमने-सामने होंगी। स्टेडियम में खेले जाने वाले 24वें अंतरराष्ट्रीय टेस्ट मैच के लिए तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गईं हैं।

ग्राउंड से लेकर दर्शकों के बैठने की व्यवस्था व एंट्री का ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया गया है। फ्लड लाइट से लेकर ब्रॉडकास्टर के कैमरों के सेटअप की भी रिहर्सल हो चुकी है। हालांकि इस मैच में ग्रीन पार्क में जो अधूरा-अधूरा नजर आएगा, वह होगा ऐतिहासिक मैनुअल स्कोर बोर्ड का ना होना। ग्रीनपार्क में होने वाले दूसरे टेस्ट मैच में सिर्फ डिजिटल स्कोर बोर्ड का प्रयोग किया जाएगा, जबकि अभी तक के अंतरराष्ट्रीय टेस्?ट मैचों में डिजिटल के साथ-साथ मैनुअल स्कोर बोर्ड का भी इस्तेमाल होता रहा है। मैच के दौरान यह स्कोर बोर्ड भी एक आकर्षण का केंद्र रहता था। इसे दुनिया का सबसे बड़ा मैनुअल स्कोर बोर्ड माना जाता रहा है। इसे 1952 में एसएम बशीर व जगजीत सिंह ने बनाकर तैयार किया था, जबकि 1957 से अंतरराष्ट्रीय मैचों में इसका प्रयोग पहली बार किया गया था।

**80 लोग करते थे संचालित**

ग्रीन पार्क के स्कोर बोर्ड को ऐसे ही ऐतिहासिक स्कोर बोर्ड नहीं कहा जाता है। इस स्कोर बोर्ड में दोनों टीम के खिलाड़ियों के नाम के साथ-साथ अंपायर के नाम भी लिखे जाते थे। इसके अलावा रन रेट और लाइव स्कोरिंग की सुविधा भी मौजूद थी। इसे संचालित करने के लिए करीब 80 लोगों की आवश्यकता पड़ती थी। ग्रीन पार्क में क्रिकेट प्रेमियों को यह आखिरी बार भारत बनाम इंग्लैंड के बीच हुए टी-20 मैच में देखने को मिला था। यह दुनिया का इकलौता व अनूठा मैनुअल स्कोर बोर्ड भी रहा।

## नीरज चोपड़ा ने चोटिल होने के बावजूद खेला डायमंड लीग का फाइनल




**नई दिल्ली। एजेंसी**

भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोटिल होने के बावजूद डायमंड लीग का फाइनल खेलने उतरे थे। इस बात का खुलासा खुद नीरज ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए किया है। नीरज शनिवार को ब्रसेल्स (बेल्जियम) में डायमंड लीग में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा का फाइनल मुकाबला खेलने उतरे थे, जहां वह दूसरे स्थान पर रहे। नीरज खिताब से मात्र 0.01 मीटर से चूक गए। अब उन्होंने खुलासा किया है कि नौ सितंबर को अभ्यास के दौरान चोटिल हो गए थे। हालांकि, चिकित्सकों की मदद से वह फाइनल खेलने में कामयाब हुए। दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि जैसे-जैसे 2024 का सीजन समाप्त हो रहा है, मैं उन सब चीजों को याद कर रहा हूं जो मैंने साल भर में सीखी हैं जिसमें सुधार, असफलताओं, मानसिकता और बहुत कुछ है। सोमवार को अभ्यास के दौरान मुझे चोट लग गई और एक्स-रे से पता चला कि मेरे बाएं हाथ की चौथी मेटाकार्पल हड्डी में फ्रैक्चर हो गया है। यह मेरे लिए एक और दर्दनाक चुनौती थी, लेकिन अपनी टीम की मदद से मैं ब्रसेल्स में भाग लेने में सक्षम हो गया।

उन्होंने आगे लिखा- यह साल की आखिरी प्रतियोगिता थी और मैं अपने सीजन का अंत ट्रैक पर करना चाहता था। हालांकि, मैं अपनी उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाया, लेकिन मुझे लगता है कि यह एक ऐसा सीजन था जिसमें मैंने बहुत कुछ सीखा। अब मैं पूरी तरह से फिट होकर वापसी करने के लिए दृढ़ संकल्पित हूं। मैं आप सभी को आपके प्रोत्साहन के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं। 2024 ने मुझे एक बेहतर एथलीट और इंसान बनाया है। 2025 में मिलते हैं। जय हिन्द! ब्रसेल्स में खेले गए फाइनल मुकाबले में नीरज का बेस्ट थ्रो 87.86 मीटर का था। एक सेंटीमीटर से पिछड़ कर वह दूसरे स्थान पर रहे। ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स ने 87.87 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया और खिताब पर कब्जा जमाया।

# वाणिज्य

## बीएसपी ने सर्वश्रेष्ठ फिनिश स्टील उत्पादन 19.5 लाख टन किया दर्ज



**दुर्ग। एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले की सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र (बीएसपी) ने वर्तमान वित्त वर्ष 2024-25 की अप्रैल से अगस्त अवधि में अब तक का सर्वश्रेष्ठ फिनिश स्टील उत्पादन 19.5 लाख टन दर्ज कर पिछले वर्ष इसी अवधि के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार कर लिया है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 18.9 लाख टन को पार किया। अप्रैल से अगस्त अवधि के दौरान अब तक की सर्वश्रेष्ठ सेलेबल स्टील लोडिंग 21.3 लाख टन की गई जो कि वित्त वर्ष 2023-24 में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 21.2 लाख टन से अधिक है। संयंत्र की मोडेक्स इकाइयों स्टील मेल्टिंग शॉप-3 (एसएमएस-3), यूनिवर्सल रेल मिल और बार एंड रॉड मिल ने भी अप्रैल से अगस्त अवधि के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया है।

एसएमएस-3, जो यूनिवर्सल रेल मिल को कास्ट ब्लूम तथा बार एंड रॉड मिल, मर्चेंट मिल और वायर रॉड मिल को कास्ट बिलेट की आपूर्ति करता है, ने अप्रैल से अगस्त की अवधि के दौरान अब तक का सर्वश्रेष्ठ कास्ट स्टील उत्पादन 14.2 लाख टन दर्ज किया है, जो वित्तीय वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में दर्ज पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 14 लाख टन से अधिक है। एसएमएस-3 ने पिछले वर्ष 2023-24 के अप्रैल से अगस्त की अवधि में दर्ज सर्वश्रेष्ठ उत्पादन रिकॉर्ड 9.19 लाख टन को पार करते हुए अब तक का सर्वश्रेष्ठ बिलेट उत्पादन 9.80 लाख टन दर्ज किया।

बार एंड रॉड मिल जो टीएमटी बार की एक विस्तृत श्रृंखला का उत्पादन करती है, ने अप्रैल से अगस्त की अवधि के दौरान 4.15 लाख टन का अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज किया, जो कि पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की अप्रैल से अगस्त अवधि में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन 3.75 लाख टन से कहीं अधिक है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर बढ़कर 689.24 अरब डॉलर पर



**मुंबई। एजेंसी**

विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि में बढ़ोतरी होने से 06 सितंबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 5.25 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 689.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.3 अरब डॉलर बढ़कर 683.98 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार, 06 सितंबर को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 5.11 अरब डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 604.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में स्वर्ण भंडार 12.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 61.99 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह विशेष आहरण अधिकार में 40 लाख डॉलर का इजाफा हुआ और यह बढ़कर 18.5 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसी तरह इस अवधि में आईएमएफ के पास आरक्षित निधि 90 लाख डॉलर की बढ़ोतरी लेकर 4.63 अरब डॉलर हो गया।

## अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का रहेगा असर



**मुंबई। एजेंसी**

विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मजबूत मॉनसून और त्योहारी सीजन में मांग में वृद्धि होने की उम्मीद में हुई दमदार लिवाली की बदौलत बीते सप्ताह दो प्रतिशत से अधिक चढ़े घरेलू शेयर बाजार पर अगले सप्ताह बहुप्रतीक्षित ब्याज दर में कटौती को लेकर होने वाली अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीतिगत बैठक के नतीजों का असर रहेगा।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1707.01 अंक अर्थात् 2.1 प्रतिशत की छलांग लगाकर कारोबारी सप्ताह के अंतिम दिन 82890.94 अंक पर पहुंच गया। साथ ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 504.35 अंक यानी 2.02 प्रतिशत मजबूत होकर 25356.50 अंक पर बंद हुआ। समीक्षाधीन सप्ताह में दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी जमकर खरीददारी हुई। इससे बीएसई का मिडकैप 737.21 अंक अर्थात 1.52 प्रतिशत उछलकर सप्ताहांत पर 49244.05 अंक और स्मॉलकैप 1150.18 अंक यानी 2.05 प्रतिशत की उड़ान भरकर 57128.04 अंक पर पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार, घरेलू बाजारों ने बीते सप्ताह पूंजी बाजार नियामक सेबी के विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) के डिस्क्लोजर नियमों की समय सीमा और अमेरिका में मंदी की आशंकाओं से उत्पन्न नकारात्मक भावनाओं पर काबू पा लिया।

बाजार प्रतिभागियों के बीच शुरूआती सतर्कता अमेरिका की मुद्रास्फीति, बेरोजगारी दावे, घरेलू मुद्रास्फीति और विनिर्माण आंकड़ों जैसे कई वृहद् आर्थिक आंकड़ों से भी प्रभावित हुई।

# हमें छुआछूत के भाव को पूरी तरह मिटा देना है: डॉ. भागवत

चमकता राजस्थान





**अलवर, 15 सितंबर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत ने उन्होंने कहा कि हम अपने धर्म को भूलकर स्वार्थ के अधीन हो गए, इसलिए छुआछूत चला। ऊंच-नीच का भाव बढ़ा, हमें इस भाव को पूरी तरह मिटा देना है। जहां संघ का काम प्रभावी है। संघ की शक्ति है, वहां कम से कम मंदिर, पानी, शमशान सब हिंदुओं के लिए खुले होंगे, यह काम समाज का मन बदलते हुए करना है। सामाजिक समरसता के माध्यम से परिवर्तन लाना है। उन्होंने स्वयंसेवकों से सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, स्व का भाव और नागरिक अनुशासन इन पांच विषयों को अपने जीवन में उतारने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि जब इन बातों को स्वयंसेवक अपने जीवन में उतारेंगे तब समाज भी इनका अनुसरण करेगा।

डॉ. भागवत रविवार को अलवर के इन्दिरा गांधी खेल मैदान में अलवर नगर के स्वयंसेवकों के एकत्रिकरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष संघ कार्य को सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं। संघ की कार्य पद्धति दीर्घकाल से चली आ रही है, हम कार्य करते हैं तो उसके पीछे विचार क्या है, यह हमें ठीक से समझ लेना चाहिए और अपनी कृति के पीछे यह सोच हमेशा जागृत रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे राष्ट्र को समर्थ करना है। हमने प्रार्थना में ही कहा है कि यह हिंदू राष्ट्र है। क्योंकि हिंदू समाज इसका उत्तरदायी है। इस राष्ट्र का अच्छा होता है तो हिंदू समाज की कीर्ति बढ़ती है। इस राष्ट्र में कुछ गड़बड़ होता है तो हिंदू समाज पर आता है क्योंकि वहीं इस देश का कर्ताधर्ता है।

डॉ. भागवत ने कहा कि राष्ट्र को परम वैभव संपन्न और सामर्थ्यवान बनाने का काम पुरुषार्थ के साथ करने की आवश्यकता है। हमें समर्थ बनना है, इसके लिए पूरे समाज को योग्य बनाना पड़ेगा। उन्होंने कहा जिसे हम हिंदू धर्म कहते हैं, यह वास्तव में मानव धर्म है। विश्व धर्म है और सबके कल्याण की कामना लेकर चलता है। हिंदू मतलब विश्व का सबसे उदारतम मानव, जो सब कुछ स्वीकार करता है। सबके प्रति सद्भावना रखता है। पराक्रमी पूर्वजों का वंशज है। जो विद्या का उपयोग विवाद पैदा करने के लिए नहीं करता, ज्ञान देने के लिए करता है। धन का उपयोग मदमस्त होने के लिए नहीं करता, दान के लिए करता है। शक्ति का उपयोग दुर्बलों की रक्षा के लिए करता है। यह जिसका शील है, यह जिसकी संस्कृति है वह हिंदू है। पूजा किसी की भी करता हो। भाषा कोई भी बोलते हो। किसी भी जात-पात में जन्म हो। किसी भी प्रांत का रहने वाला हो। कोई भी खानपान रीति रिवाज को मानता हो। यह मूल्य जिनके हैं, यह संस्कृति जिनकी है। वह सब हिंदू है।

डॉ. भागवत ने कहा कि पहले संघ को कोई नहीं जानता था। अब सब जानते हैं। पहले संघ को कोई मानता नहीं था। आज सब लोग मानते हैं, जो हमारा विरोध करने वाले लोग हैं वह भी। हमारा होठों से तो विरोध करते हैं लेकिन मन से तो मानते ही हैं। इसलिए अब हमें हिंदू धर्म, हिंदू संस्कृति और हिंदू समाज का संरक्षण राष्ट्र की सर्वांगीण उन्नति के लिए करना है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण के नाते हिंदू की परंपरा सब जगह चैतन्य देखी है, इसलिए पर्यावरण के बारे में जो होना चाहिए वह हमको करना है। छोटी बातों से प्रारंभ करना। पानी बचाओ, सिंगल प्लास्टिक हटाओ, पौधे लगाओ, घर को हरित घर बनाना, घर में हरियाली, घर के गार्डन में बगीचा और सामाजिक रूप से भी अधिक से अधिक पेड़ लगाना यह हमें करना हैं।

डॉ. भागवत ने कहा कि भारत में भी परिवार के संस्कारों को खतरा है। मीडिया के दुरुपयोग से नई पीढ़ी बहुत तेजी से अपने संस्कार भूल रही है। इसलिए सप्ताह में एक बार निश्चित समय पर अपने कुटुंब के सब लोगों को एक साथ बैठना। अपनी श्रद्धा अनुसार घर में भजन पूजन करना उसके पश्चात घर में बनाया हुआ भोजन साथ में करना। समाज के लिए भी कुछ ना कुछ करने की योजना करना। इसके लिए छोटे-छोटे संकल्प परिवार के सब लोग लें। अपने घर के अंदर भाषा, भूषा, भवन, भ्रमण और भोजन अपना होना चाहिए। इस तरह से कुटुंब प्रबोधन करना है।

उन्होंने कहा कि अपने घर में स्वदेशी से लेकर स्व गौरव तक सारी बातें है, उनका प्रबोधन होना चाहिए। अपने देश में बनता है। वह बाहर देश का नहीं खरीदना यदि जीवन के लिए आवशयक है तो अपनी शर्तों पर खरीदना। साथ ही अपने जीवन में मितव्ययिता को अपनाना होगा। समाज सेवा के कार्यों में समय लगाना। यह समाज पर उपकार नहीं है हमारा कर्तव्य है, ऐसा ध्यान रहना चाहिए। उन्होंने कि नागरिक अनुशासन हमारा होना चाहिए। हम इस देश के नागरिक हैं। हमें नागरिकता का बोध होना ही चाहिए।

अलवर नगर एकत्रीकरण के दौरान संघ दृष्टि से चार उपनगरों की चालीस बस्तियों से 2842 स्वयंसेवकों ने भाग लिया।

### मातृ स्मृति वन में किया वृक्षारोपण

नगर एकत्रीकरण कार्यक्रम के पश्चात पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के निमित्त सरसंघचालक डॉ. मोहनराव भागवत भूरासिद्ध स्थित मातृ स्मृति वन में पहुंचे, जहां उन्होंने वृक्षारोपण किया। वृक्षारोपण के दौरान संघ के अखिल भारतीय प्रचारक प्रमुख अरूण कुमार जैन, क्षेत्र संघचालक डॉ. रमेशचंद्र अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम, क्षेत्र प्रचारक प्रमुख श्रीवर्द्धन, क्षेत्र कार्यवाह जसवंत खत्री, क्षेत्र सह कार्यवाह गेंदालाल और क्षेत्र प्रचार प्रमुख डॉ. महावीर कुमावत उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार में वन मंत्री भूपेन्द्र सिंह यादव और राज्य के वन मंत्री संजय शर्मा सहित विभाग के उच्च अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दो कारों की भिडन्त से तीन महिला सहित सात जनें घायल

● पांच घायलों को किया जिला चिकित्सालय रैफर



**चमकता राजस्थान। नदबई, (राजवीर सिंह)।** लुहासा बाईपास चौराहें समीप अचानक असंतुलित होकर दो गाडियों की भिड़न्त होने के चलते तीन महिला सहित सात जनें घायल हो गए। घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय सहित अलग-अलग चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। बाद में गंभीर स्थिति के चलते तीन महिला सहित पांच जनों को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया।

विभागीय सूत्रों की मानें तो नदबई क्षेत्र के गांव खेडिया जगा निवासी कुन्दन जाटव पुत्र हरिया जाटव अपने पुत्र जयसिंह व मनोज की शादी पक्का करने के लिए परिजनों के साथ कठूमर गोद भराई करने जा रहा। इसी दौरान नदबई लुहासा बाईपास पर दूसरी गाडी की भिड़न्त से हादसा हो गया। जिसमें कुन्दन जाटव सहित पप्पी जाटव पुत्र गजेन्द्र जाटव, जयसिंह पुत्र कुंदन जाटव, राजभारती पत्नी मनीष जाटव, हरिया जाटव पुत्र रेखा जाटव सहित दूसरी गाडी में सवार अंजना सिंह पत्नी सहाब सिंह व नेहा पत्नी अनुभव प्रताप सिंह घायल हो गए। समीपवर्ती लोगों ने घायलों को नदबई उपजिला चिकित्सालय सहित अलग-अलग निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां घायलों का उपचार करते हुए उपजिला चिकित्सालय से कुन्दन जाटव, पप्पी जाटव व हरिया जाटव एवं निजी चिकित्सालय से अंजना सिंह व नेहा को जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। इस संदर्भ में समाचार लिखे जाने तक पुलिस में मामला दर्ज नही हुआ।

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी सामूहिक गोठ और महेश मेला में हुई सम्मिलित



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी माहेश्वरी समाज के शताब्दी वर्ष (अमृत महोत्सव) के अवसर पर विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित सामूहिक गोठ और महेश मेला में सम्मिलित हुई ,इस दौरान समाज की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला,माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष केदारमल भाला, महामंत्री मनोज मूंदड़ा, कार्यक्रम अध्यक्ष विवेक लड्ढा, श्रीगंगानगर विधायक जयदीप बिहाणी, सीताराम ,पूर्व विधायक अशोक लाहोटी, हरिनारायण ,सुनील जाजु, रामावतार,माहेश्वरी समाज के समस्त गणमान्य एवं सम्मानित प्रतिभाएं उपस्थित रहीं।

# लोकसभा-अध्यक्ष बोले : जातियों के आधार नेतृत्व नहीं करता वैश्य समाज

## बिड़ला ने कहा- हम कभी भामाशाह बने तो कभी विधायक सांसद

### स्वतंत्रता संग्राम में आहुतियांदी देने वाले महानुभावों का हुआ सम्मान

चमकता राजस्थान



**जयपुर (खलील कुरैशी .)** । जयपुर में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन के तहत वैश्य समाज से जुड़े प्रदेश के विधायक और सांसद एक मंच पर आए हैं। सम्मेलन में विकसित भारत 2047 के विजन में वैश्य समाज की भूमिका पर चर्चा हो रही है। महासम्मेलन, राजस्थान की ओर से जयपुर में वैश्य सांसद और विधायकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला भी मौजूद हैं। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत की।लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा- देश के विकास में वैश्य समाज का विशेष योगदान रहा है। आजादी में भी वैश्य समाज के लोगों ने योगदान दिया है। आजादी में स्वतंत्रता सेनानियों का सहयोग किया और आजादी से पहले जब राजा महाराजाओं का राज था। वैश्य समाज ने भामाशाह के रूप में भी सहयोग किया। कार्यक्रम में राज्य मंत्री गौतम कुमार दक, विधायक कालीचरण सराफ, प्रताप सिंह सिंघवी, दीप्ति माहेश्वरी, गणेशराज बंसल, अशोक कोठारी, सांसद दामोदर दास अग्रवाल, पूर्व महापौर ज्योति खंडेलवाल सहित वैश्य समाज से जुड़े अन्य जनप्रतिनिधि और समाज से जुड़े लोग मौजूद थे।कोई सेक्टर ऐसा नहीं जहां समाज के लोग ना हो बिड़ला भारत में सामाजिक और आर्थिक बदलाव सबसे ज्यादा हो रहा है। हम परिवर्तन में आगे हैं, टेक्नोलॉजी में आए हैं। रिसर्च में भी प्रतिस्पर्धा करके आगे बढ़ते जा रहे हैं। 10 साल में कोई सेक्टर ऐसा नहीं है जहां देश में कोई परिवर्तन नहीं हुआ हो। मैं जितने देशों में गया, मुझे वहां काम करने वाले व्यक्ति हिंदुस्तान के हैं।

### बिड़ला ने संबोधन में कहा

» मैं कई गांवों में गया, मुझे हर जगह समाज के लोग मिले। मैंने वैश्य समाज को देखा वो लोकल पॉलिटिकल्स में नहीं पड़ते थे। वे व्यापार में ध्यान देते थे। मैंने कोरोना के बाद देखा कि संकट के समय सबसे आगे रहे तो भारत के लोग रहे। यह हमारे संस्कार हैं।

### छत्तीस घण्टे रेलवे फाटक बंद, खांगरी फाटक अण्डरपास से वाहनों का संचालन

● नदबई हलैना फाटक समीप सडक निर्माण कार्य होने से बनी जाम की स्थिति



**चमकता राजस्थान। नदबई,(राजवीर सिंह)।** कस्बे के मुख्य बाजार में स्थित रेलवे फाटक पुनरीक्षण कार्य के चलते छत्तीस घण्टे के लिए रेलवे फाटक बंद होने से वाहनों का संचालन बाधित हो गया। रेलवे विभाग की ओर से मुख्य बाजार में स्थित रेलवे फाटक मरम्मत कार्य के चलते रविवार सुबह 6 बजे से सोमवार शाम 6 बजे तक बंद रखने के निर्देश जारी किए। रेलवे फाटक बंद होने की सूचना पर पुलिस प्रशासन की ओर से खांगरी अण्डरपास से वाहनों का संचालन तो कराया गया। लेकिन, हलैना फाटक के समीप सडक पर निर्माण कार्य होने से दिनभर जाम की स्थिति से लोगों को जूझना पड गया। इतना ही नही रेलवे फाटक बंद होने से नदबई-भरतपुर के बीच वाहनों का संचालन बाधित हो गया तो यात्रियों को वाहनों के लिए करीब एक किलोमीटर तक पैदल चलना मजबूरी हो गया।

# जयपुर विकास प्राधिकरण ने दिया प्रभावी कार्रवाई को अंजाम

## होटल मेरियट के पीछे जेडीए की 3200 वर्गमीटर भूमि को कराया अतिक्रमण मुक्त

चमकता राजस्थान





**जयपुर, खलील कुरैशी ।** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-4 में होटल मेरियट के पीछे जविप्रा की योजना एयरपोर्ट प्लाजा एक्सटेंशन ए ब्लॉक में जेडीए स्वाामित्व की 3200 वर्गमीटर बेषकीमती भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही टोंक रोड़ लखनपुरी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या-19 व 21 के सामने 30 फीट सड़क सीमा को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। मुख्य नियंत्रक प्रतर्वन महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ होटल मेरियट के पीछे जविप्रा की योजना एयरपोर्ट प्लाजा एक्सटेंशन ए ब्लॉक में जेडीए स्वामित्व की 3200 वर्गमीटर बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा थडियां, 03 झोपडियां लगाकर इत्यादि अवैध निर्माण-अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकर्ता को धारा 72 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी करअवैधकब्जा-अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अवैध कब्जा-अतिक्रमण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर उक्त जेडीए स्वामित्व के भूखण्ड की बेशकीमती भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया जाकर जेडीए सम्पति के बोर्ड लगवाये गये। जेडीए द्वारा जोन-04 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित टोंक रोड़ लखनपुरी कॉलोनी के भूखण्ड संख्या 19 व 21 के सामने 30 फीट सड़क सीमा पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा 03 कमरें, लेथबाथ, दुकान इत्यादि अवैध निर्माण अतिक्रमण करने पर अतिक्रमणकर्ता को धारा 72 जेडीए के एक्ट के तहत नोटिस जारी कर अवैध कब्जा-अतिक्रमण हटाने हेतु पाबंद किया गया था। परन्तु अतिक्रमणकर्ता द्वारा अवैध कब्जा-अतिक्रमण नही हटाये जाने पर सक्षम स्तर से स्वीकृति प्राप्त कर आज जोन-04 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर 30 फीट सड़क सीमा को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त कार्यवाही उपनियंत्रक प्रवर्तन-द्वितीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-04, 01 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929